-6..2006

संख्या -1378/6/XX/(I)/ थाना चौकी/इका0का0ग00/2005

एस0एस0 टोलिया,
अनु सचिव,
उत्तरांचल ।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक,
उत्तरांचल शासन।

अनुभाग—1 देहरादून : दिनांक 17 : जून 2006

विषय— उत्तरांचल राज्य के तहसील स्तर के 19 थानों को उप निरीक्षक से निरीक्षक स्तर पर उच्चीकरण कर पदों का सृजन विषयक।

महोदया,

उपरोक्त विषयक पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्या—डीजी—दो—177—04 दिनांक अप्रैल 2005 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय, उत्तरांचल राज्य के निम्न जनपदों के तहसील मुख्यालयों के 19 थानों को उपनिरीक्षक स्तर से निरीक्षक स्तर में उच्चीकृत करते हुए इन थानों हेतु निरीक्षक के 19 अस्थाई पदों वेतनमान 6500—10500 के सृजन की दिनांक 28 फरवरी, 2007 तक सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :—

जनपद	थानों का नाम जिन्हें निरीक्षक स्तरपर उच्चीकृत किये जाने का प्रस्ताव है।
देहरादून	1—विकासनगर 2— कैन्ट 3— मसूरी 4— पटेल नगर 5— डोईवाला।
हरिद्वार	6—लक्सर 7— मंगलौर 8—गंगनहर 9—रानीपुर
पौड़ी गढवाल	10—श्रीनगर 11—लैंसडाउन
चमोली	12—चमोली
रूद्रप्रयाग	13—रूद्रप्रयाग
उधम सिंह नगर	14—बाजपुर 15— जसपुर
नैनीताल	16—रामनगर 17— लालकुऑ 18— भंवाली
अल्मोड़ा	19— रानीखेत

2— उक्त पद धारकों को महगाँई भत्ता तथा अन्य भत्ते जो समय—समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार उन्हें अनुमन्य हो, देय होगें।

4— इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2006—2007 के आय व्ययक के अनुदान संख्या—10 के अन्तर्गत लेखा शीर्षक 2055—पुलिस—00—109—जिला पुलिस—03—जिला पुलिस मुख्य की सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

5— यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या— 684/XXVII(5)/2006 दि0 16 जून, 2006 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें हैं।

भवदीय,

(एस0एस0टोलिया)
अनु सचिव।

संख्या यथोक्त एवं तद दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:—

1. महालेखाकार, उत्तरांचल,ओबराय मोटर्स, माजरा, देहरादून।
2. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तरांचल।
3. पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, उत्तरांचल।
4. पुलिस महानिरीक्षक, कुमाऊँ परिक्षेत्र,नैनीताल।/गढ़वाल परिक्षेत्र पौड़ी गढ़वाल।
5. समस्त जिलाधिकारी, देहरादून ,हरिद्वार पौड़ी गढ़वाल,चमोली,रूद्रप्रयाग,उधमसिंहनगर, नैनीताल , अल्मोड़ा
6. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, देहरादून ,हरिद्वार पौड़ी गढ़वाल ,चमोली ,रूद्र। उधमसिंहनगर , नैनीताल , अल्मोड़ा।
7. वरिष्ठ कोषाधिकारी, उधमसिंहनगर।
8. वित्त अनुभाग (1)।
9. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(एस0एस0 टोलिय

अनु सचिव।

कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट, नैनीताल

सं0 2991/20-न्या0स0/2006, दिनांक: जून 29, 2006

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:—

1— वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल,
2. परगना मजिस्ट्रेट, नैनीताल/हल्द्वानी/रामनगर
3. मूल प्रति गार्ड फाईल,

29-6-06

प्रभारी अधिकारी
कृते जिला मजिस्ट्रेट,

28/6/06

29/6/06

प्राप्ति ... 5 JUL 2006

संख्या:-1431 / XX-(I)/210/पुलिस यातायात/2003

क,

ए0एस0 टो...
अनुसचिव,
उत्तरांचल शासन।

वर्ष ..2005-06..
... 04/2006
...
...
... 4003
... 3/7/06

में,

पुलिस महानिदेशक,
उत्तरांचल।

अनुभाग-1 देहरादून : दिनांक : 24 जून 2006

विषय:- राज्य में यातायात पुलिस के नियतन में वृद्धि, पदों का सृजन विषयक।

महोदय,

उपरोक्त विषयक पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्या-डीजी-दो-177-2002 दिनांक 22 जून 2005 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय, उत्तरांचल राज्य में यातायात पुलिस के नियतन में वृद्धि करते हुए निम्न विवरणानुसार कुल 287 अस्थाई पदों के सृजन की दिनांक 28 फरवरी, 2007 तक सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :-

क0 सं0	जनपद का नाम	प्रस्तावित पद			
		निरी0	उ0नि0	हे0का0	का0
1	पौडीगढ़वाल	—	01	03	10
2	टिहरी गढ़वाल	—	01	02	—
3	रूद्र प्रयाग	—	01	03	15
4	चमोली	—	01	02	—
5	उत्तरकाशी	—	01	02	—
6	उधमसिंहनगर	—	01	05	30
7	अल्मोड़ा	—	—	01	20
8	बागेश्वर	—	01	01	05
9	पिथौरागढ़	—	01	03	10
10	चम्पावत	—	01	03	15
11	देहरादून	01	03	06	60
12	हरिद्वार	01	02	03	60
13	नैनीताल	—	01	01	10
	कुल योग	02	16	34	235

समस्त पदों का कुल योग -287 पद

2- उक्त पद धारकों को महगाँई भत्ता तथा अन्य भत्ते जो समय-समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार उन्हें अनुमन्य हो, देय होगें।

3— इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2006-2007 को आय व्ययक के अनुदान संख्या—10 के अन्तर्गत लेखा शीर्षक 2055—पुलिस 00—109—जिला पुलिस—यातायात व्यवस्थापन—00 की सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

6— यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या—683 / XXVII(5)/2006 दिनांक जून, 2006 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें हैं।

भवदीय,

(एस0एस0 टोलिया)
अनुसचिव।

संख्या यथोक्त एवं तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. महालेखाकार, उत्तरांचल,ओबराय मोटर्स, माजरा, देहरादून।
2. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तरांचल।
3. पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, उत्तरांचल।
4. पुलिस महानिरीक्षक, कुमाऊँ परिक्षेत्र,नैनीताल।/गढ़वाल परिक्षेत्र पौड़ी गढ़वाल।
5. समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल ।
6. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तरांचल ।
7. समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी,/कोषाधिकारी, उत्तरांचल ।
8. वित्त अनुभाग—1।
9. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(एस0एस0 टोलिया)
अनु सचिव

कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट नैनीताल
पृ0 4003/xx-सि0पे0/2006, दिनांक जुलाई 2006
प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-
1- ज्येष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल
2- मूल प्रति गार्ड फाईल

मुख्य कोषाधिकारी
कृते जिला मजिस्ट्रेट,
नैनीताल
7/7/06

14/7/06

प्राप्ति की तिथि 21 JUL 2006

अभियोजन निदेशालय,
पुलिस मुख्यालय भवन,12 सुभाष मार्ग,
उत्तरांचल,देहरादून।

दिनांक 9/...

पत्रांक: अभि0नि0/अनु0–द... /2006/... दिनांक ...

सेवा में,

जिलाधिका...,
नैनीताल ।

विषय– बजट आ... ।

वित्तीय वर्ष ... –10 लेखाशीर्षक 2055 पुलिस प्रशासन, 800 ... व्यय,0... अभियोजन अधिष्ठान–आयोजनेत्तर, के ... शासन के ... सं0 519/XX(05) 06–07अभि0/बजट/0... दिनांक 2 ... 2006 तथा शासनादेश ...0559/XX(...)/... 6 दिनांक 22–5–2006 के कम में स्वीकृत बजट को ... प्रकार आवंटित किया जाता है ।

क0सं0	मद का नाम	पूर्व आवंटन	वर्तमान आवंटन	योग	बजट रजि0 में प्रविष्टि का कमांक
1–	01 वेतन	240000	–	240000	69
2–	03 महंगाई भत्ता	100000	–	100000	69
3–	04 यात्रा भत्ता	–	–	–	69
4–	05 स्थानान्तरण भत्ता	–	–	–	69
5–	06 अन्य भत्ते	30000	–	30000	69
6–	07 मानदेय	–	–	–	69
7	08 कार्यालय व्यय	–	5000	5000	69
	09 विद्युत व्यय	–	–	–	69
	10 जलकर/जलप्रभार	–	–	–	69
	11 लेखन सामग्री और फार्मों की छपाई	–	4000	4000	69
	12 कार्या... ...करण	–	–	–	69
	13 टेलीफोन व्यय	10000	–	10000	69
	14 ... कारों/मोटर गाड़ियों का कय	–	–	–	69
	...गाड़ियों का अनु0और ...ल आदि काकय	–	–	–	69
15	17किराया,उपशुल्क और कर–स्वामित्व	–	–	–	69
16–	26 मशीनें और सज्जा/उपकरण /सयत्र	–	–	–	69
17–	27 चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	–	–	–	69
18–	29 अनुरक्षण	–	–	–	69
19–	42 अन्य व्यय	–	–	–	69
20–	44 प्रशिक्षण व्यय	–	–	–	69
21–	45 अवकाश यात्रा व्यय	–	–	–	69
22–	46 कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफट वेयर कय	–	–	–	69
23–	47 कम्प्यूटर अनु0/तत्संबंधी स्टेशनरी का कय	–	–	–	69
24–	48–महंगाई भत्ता	120000	–	120000	69
	योग:–	500000	9000	509000	69

(रू0 नौ हजार मात्र)

(बी0डी0जोशी)
वित्त नियंत्रक,अभियोजन,
उत्तरांचल,देहरादून।

कमशः 2/–

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :
1– बरिष्ठ कोषाधिकारी, नैनीताल।
2– मुख्य अभियोजन अधिकारी, माननीय उच्च न्यायालय, नैनीताल।
3– कार्यालय प्रति ।

(बी०डी०जोशी)
वित्त नियंत्रक,अभियं
उत्तरांचल,देहरादू

सचिव, महाधिवक्ता कार्यालय, नैनीताल
सं० ... /XX-2005-06/2006 दिनांक अगस्त 8, 2...
1- प्रतिलिपि मुख्य अभियोजन अधिकारी, नैनीताल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2 मूल प्रतिलिपि गार्ड फाईल।

प्रमुख अधिकारी
कृते सचिव, महाधिवक्ता,
नैनीताल
7/8/06.

8-8-06

संख्या:– 1460 / XX–(1) / 11 / पाई0नि0 / 2006

प्रेषक,

एस0एस0 टोलिया
अनु सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक,
उत्तरांचल।

गृह अनुभाग–1 देहरादून : दिनांक : 30 जून 2006

विषय उत्तरांचल राज्य के विभिन्न जनपदों में पुलिस थाना/ चौकियों /देखरेख चौकियों की स्थापना पदों का सृजन।

महोदय,

उपरोक्त विषयक पुलिस मुख्यालय के पत्र संख्या–डीजी–दो –52–2005(15) दिनांक 11मार्च 2005 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय, उत्तरांचल राज्य के विभिन्न जनपदों में कुल 106 पुलिस चौकियों /देखरेख चौकियों का नियमितीकरण करते हुए संलग्न विवरणानुसार 1148 निम्न अस्थाई पदों के सृजन की दिनांक 28 फरवरी, 2007 तक सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

क0सं0	पदनाम	पदों की संख्या	वेतनमान
1.	उप निरीक्षक ना0 पु0	67	5500–175–9000
2.	हेड कानि0	110	3200–85–4900
3.	कानि0	906	3050–75–3950–80–4590
4.	कानि0 (चालक)	4	3050–75–3950–80–4590
9.	अनुगामी	61	2550–55–2660–60–3200

2– उक्त पद धारकों को महगाँई भत्ता तथा अन्य भत्ते जो समय–समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार उन्हें अनुमन्य हो, देय होगें।

3. इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2006–2007 के आय व्ययक के अनुदान संख्या–10 के अन्तर्गत लेखा शीर्षक 2055–पुलिस–00–109–जिला पुलिस –03–जिला पुलिस मुख्य –00की सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

6– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या– 748 /XXVII(5)/2006 दि0 28 जून 2006 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें हैं।

भवदीय,

(एस0एस0टोलिया)
अनु सचिव।

Thana Chouki Nirman- 63

संख्या यथोक्त एवं तद् दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1 महालेखाकार, उत्तरांचल,ओबराय मोटर्स, माजरा, देहरादून।
2 प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तरांचल।
3 पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय, उत्तरांचल।
4. पुलिस महानिरीक्षक,गढ़वाल / कुमाऊँ परिक्षेत्र।
5. समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
6. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, / पुलिस अधीक्षक उत्तरांचल।
7. समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी, / कोषाधिकारी उत्तरांचल ।
8. वित्त अनुभाग–1।
9. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(एस0एस0 टोलिया)
अनु सचिव।

[illegible] थाना/ चौकियों/ देखरेख चौकियों का नियमितीकरण ,पदों का सृजन

जनपद/परिक्षेत्र का नाम	क्र0 सं0	प्रस्तावित थाना व चौकी	प्रस्तावित जनशक्ति					
			निरी0	उ0नि0	हे0का0	कानि0	का0चा0	अनुगामी
देहरादून	1	थाना नेहरू कालोनी		2	2	14	1	1
	2	रि0पु0 चौकी जोगीवाला		1	1	8		1
	3	रि0पु0 चौकी त्रिवेणीघाट		1	1	14		1
	4	रि0पु0 चौकी जौलीग्राट		1	1	14		1
	5	रि0पु0 चौकी लालतप्पड़		1	1	14		1
	6	रि0पु0 चौकी नया गांव		1	1	14		1
	7	रि0पु0 चौकी सेलाकुई		1	1	14		
	8	रि0पु0 चौकी सभावाला		1	1	14		1
	9	रि0पु0 चौकी नालापानी		1	1	14		1
	10	रि0पु0 चौकी श्यामपुर		1	1	14		1
	11	रि0पु0 चौकी डिफेन्स कालोनी		1	1	14		1
	12	देख–रेख पुलिस चौकी विकास नगर बाजार			1	4		
	13	देख–रेख पुलिस चौकी इन्दिरानगर			1	4		
हरिद्वार	14	थाना बुग्गावाला		2	2	14	1	1
	15	थाना बहादराबाद		2	2	14	1	1
	16	रि0पु0 चौकी नारसन		1	2	14		
	17	रि0पु0 चौकी कोर्ट रोशनाबाद (देख–रेख पुलिस चौकी)		1	1	-		
	18	रि0पु0 चौकी खड़खड़ी		1	1	14		1
	19	रि0पु0 चौकी औद्योगिक क्षेत्र रोशनाबाद		1	1	14		1
	20	रि0पु0 चौकी सुल्तानपुर		1	1	14		1
	21	रि0पु0 चौकी इकबालपुर		1	1	14		1
	22	रि0पु0 चौकी धनौरी		1	1	14		1

25	रि0पु0 [illegible]		1				
26	रि0पु0 चौकी चण्डी घाट		1	1	14		1
27	रि0पु0 चौकी कस्बा लक्सर		1	1	14		
28	रि0पु0 चौकी जगजीतपुर		1	1	14		
29	रि0पु0 चौकी काली नदी		1	1	14		
30	रि0पु0 चौकी कस्बा मंगलौर		1	1	14		1
31	रि0पु0 चौकी रायसी		1	1	14		1
32	रि0पु0 चौकी फेरूपुर		1	1	14		1
33	रि0पु0 चौकी लंढोरा		1	1	14		1
34	रि0पु0 चौकी हरीकी पैड़ी		1	1	14		1
35	रि0पु0 चौकी सोत–ए		1	1	14		1
36	रि0पु0 चौकी सोत–बी		1	1	14		
37	रि0पु0 चौकी मण्डावर		1	1	14		
38	रि0पु0 चौकी भिक्कमपुर		1	1	14		1
39	रि0पु0 चौकी गोर्वधनपुर		1	1	14		
40	रि0पु0 चौकी औद्योगिक क्षेत्र		1	1	14		1
41	रि0पु0 चौकी रेल ज्वालापुर		1	1	14		
42	रि0पु0 चौकी कलियर						
43	देख–रेख चौकी सप्तऋषि	——	-	1	4		

24	रि0पु0 चौकी ईमली खेड़ा, भगवानपुर						
25	रि0पु0 चौकी लखनौता		1	1	14		[illegible]
26	रि0पु0 चौकी चण्डी घाट		1	1	14		[illegible]
27	रि0पु0 चौकी कस्बा लक्सर		1	1	14		1
28	रि0पु0 चौकी जगजीतपुर		1	1	14		1
29	रि0पु0 चौकी काली नदी		1	1	14		1
30	रि0पु0 चौकी कस्बा मंगलौर		1	1	14		1
31	रि0पु0 चौकी रायसी		1	1	14		1
32	रि0पु0 चौकी फेरूपुर		1	1	14		1
33	रि0पु0 चौकी लंढोरा		1	1	14		1
34	रि0पु0 चौकी हरीकी पैड़ी		1	1	14		1
35	रि0पु0 चौकी सोत–ए		1	1	14		1
36	रि0पु0 चौकी सोत–बी		1	1	14		1
37	रि0पु0 चौकी मण्डावर		1	1	14		[illegible]
38	रि0पु0 चौकी भिक्कमपुर		1	1	14		[illegible]
39	रि0पु0 चौकी गोर्वधनपुर		1	1	14		1
40	रि0पु0 चौकी औद्योगिक क्षेत्र		1	1	14		[illegible]
41	रि0पु0 चौकी रेल ज्वालापुर		1	1	14		[illegible]
42	रि0पु0 चौकी कलियर		1	1	14		
43	देख–रेख चौकी सप्तऋषि			1	4		

	44.	देख–रेख चौकी मड़ा मगलौर						
	45	देख–रेख चौकी लिथोप्रेस			1	4		
	46	देख–रेख चौकी बसवाखेड़ा मंगलौर			1	4		
	47	देख–रेख चौकी पुरानी तहसील			1	4		
	48	देख–रेख चौकी रौड़ी बेलवाला			1	4		
	49	देख–रेख चौकी सेक्टर –1 रानीपुर			1	4		
	50	देख–रेख चौकी दक्ष प्रजापति कनखल			1	4		
	51	देख–रेख चौकी जेल रोशनाबाद			1	4		
	52	देख–रेख चौकी गनेशपुर गंगनहर			1	4		
	53	देख–रेख चौकी कोतवाली बाजार			1	4		
	54	देख–रेख चौकी सिविल लाईन रूड़की			1	4		
	55	देख–रेख चौकी सेक्टर –4 रानीपुर			1	4		
	56	देख–रेख चौकी मायापुर			1	4		
	57	देख–रेख चौकी औद्योगिक क्षेत्र बहादराबाद,			1	4		

	59	रि0पु0 चौकी संबदरखाल						
	60	देख–रेख चौकी श्रीनगर			1	4		
	61	देख–रेख चौकी रामझूला			1	4		
	62	देख–रेख पौड़ी बाजार			1	4		
टिहरी गढ़वाल	63	रि0पु0 चौकी ढालवाला		1	1	5		1
	64	रि0पु0 चौकी हिण्डोलाखाल		1	1	8		1
	65	देख–रेख चौकी दुगड्डा			1	4		
	66	देख–रेख चौकी बछेलीखाल			1	4		
	67	देख–रेख चौकी जाजल			1	4		
चमोली	68	रि0पु0चौकी लामबगड़		1	1	8		1
	69	रि0पु0चौकी मारवाड़ी		1	1	8		
	70	रि0पु0चौकी घाघरिया		1	1	8		
	71	रि0पु0चौकी मंडल		1	1	8		1
	72	देख–रेख चौकी जुम्मा			1	4		

	73	देख–रेख चौकी टंगणी			1	4		
	74	देख–रेख चौकी सिमली			1	4		
रूदप्रयाग	75	रि0पु0चौकी केदारनाथ		1	1	8		1
	76	रि0पु0चौकी फाटा		1	1	8		1
	77	देख–रेख चौकी रामबाड़ा			1	4		
उत्तरकाशी	78	रि0पु0चौकी चिन्यालीसौड़		1	1	8		1
	79	रि0पु0चौकी डामटा		1	1	8		1
	80	रि0पु0चौकी नौगांव		1	1	8		1
	81	रि0पु0चौकी डुण्डा		1	1	8		1
	82	रि0पु0चौकी भटवाड़ी		1	1	8		1
	83	देख–रेख चौकी बाजार कोतवाली			1	4		
	84	देख–रेख चौकी गेवला			1	4		
	85	देख–रेख चौकी पुरोला बाजार			1	4		

[illegible]	[illegible]	[illegible]						
	87	रि0पु0 चौकी चकरपुर (भारत–नेपाल सीमा में प्रस्तावित)		1	1	8		1
	88	देख–रेख चौकी पैगा			1	4		
	89	देख–रेख चौकी आदर्श नगर			1	4		
	90	देख–रेख चौकी चूकापुल			1	4		
	91	देख–रेख चौकी आवास–विकास			1	4		
	92	देख–रेख चौकी टाण्डा उज्जौन			1	4		
	93	देख–रेख चौकी कलकत्ता फार्म			1	4		
	94	देख–रेख चौकी ट्रांजिट कैम्प			1	4		
	95	देख–रेख चौकी सूतमिल			1	4		
	96	देख–रेख चौकी पुल भट्टा			1	4		
	97	देख–रेख चौकी रम्पुरा			1	4		
नैनीताल	98	रि0पु0 चौकी ट्रांसपोर्ट नगर		1	1	8		1

	99	रि0पु0 चौकी गर्जिया		1	1	8		1
चम्पावत	100	देख–रेख चौकी चम्पावत बाजार			1	4		
अल्मोड़ा	101	रि0पु0चौकी मिसकोट		1	1	8		1
	102	रि0पु0चौकी ताकुला		1	1	8		1
	103	रि0पु0चौकी भिकियासैण		1	1	8		1
	104	देख–रेख चौकी लालकुर्ती			1	4		
	105	देख–रेख चौकी एन0टी0डी0			1	4		
पिथौरागढ़	106	रि0पु0 चौकी सिल्थाम		1	1	8		1
				67	110	906	4	61

शीर्ष प्राथमिकता/परम गोपनीय
संख्या 1518 /XX(1)/116/सुरक्षा/2005

प्रेषक,

एस0एस0टोलिया,
अनु सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

समस्त जिला मैजिस्ट्रेट,
उत्तरांचल।

गृह अनुभाग–2 देहरादूनः दिनांक 4 जुलाई 2006

विषयः किसी पड़ोसी देश से अकस्मात्/अल्पकाल में बहुत अधिक संख्या में विदेशी नागरिकों/विस्थापितों के आगमन पर निर्धारित प्रकिया (SOP) के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त गोपनीय पत्र संख्या 11014/3/2006 B.M. III दिनांक 12.01.2006 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। (प्रति समस्त अनुलग्नकों सहित संलग्न)

भारत सरकार द्वारा अपने उक्त पत्र के साथ विषय वर्णित परिस्थितियों में उत्पन्न होने की दशा में एक Standard Operating Procedure (SOP) तैयार किया गया है। भारत सरकार द्वारा अपेक्षा की गई है कि संबंधित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करके उन्हें अवगत कराया जाए।

उक्त के संबंध में मुझे कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्त SOP का अध्ययन कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुये शासन को विस्तृत आख्या अतिशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नकःयथोक्त।

भवदीय,

(एस0एस0टोलिया)
अनु सचिव।

(81)

MOST IMMEDIATE
BY SPEED POST

No.11014/3/2006-BM.III
Government of India/Bharat Sarkar
Ministry of Home Affairs/Grih Mantralaya

New Delhi, 12th January, 2006.

To

The Home Secretary,
Government of Assam (GAUWAHATI),
West Bengal (KOLKATA),
Manipur (IMPHAL),
Tamil Nadu (CHENNAI),
Bihar (PATNA),
Uttar Pradesh (LUCKNOW),
Uttranchal (DEHRADUN).

Sir,

I am directed to refer to append herewith a copy of the SoP (Standard Operating Procedure) for dealing with large scale exodus of people/refugees from any neighbouring country into India over a short period. This was prepared in consultation with concerned Central Ministries/Departments and the State Governments and also has the approval of the Union Home Secretary.

2. State Governments may please see and take necessary action on the points concerning them and furnish a report to this Ministry.

3. This may please be attended to on Priority.

Yours sincerely

(Sushil Kumar)
Under Secretary to the Government of India

DRAFT SOP (STANDARD OPERATING PROCEDURE) FOR DEALING WITH LARGE SCALE EXODUS OF PEOPLE/REFUGEES FROM ANY NEIGHBOURING COUNTRY INTO INDIA OVER A SHORT PERIOD

1. PURPOSE

The purpose of SOP is to develop the crisis management plan/standard operating procedure for dealing with large scale exodus of people from neighbouring countries into India over a short period. The plan should provide for action to be taken by the Ministry of Home Affairs to deal with situation and to coordinate assistance required from other Departments/Ministries/State Governments.

2. SCOPE OF THE SOP

This SOP provides guidelines to deal with the problems arising out of large scale influx of people from Bangladesh, Myanmar, Nepal and Sri Lanka into India due to major earthquakes, cyclone, tornado or major breakdown of law and order or imminent threat thereof.

3. REACTION TO THE SCENARIO OF LARGE SCALE INFLUX OF REFUGEES.

The key to successful response involves proper and timely coordination with all concerned agencies. The following steps are proposed to be taken by Government of India in case of large scale exodus of people from any neighboring country:-

i) The concerned Indian Mission, RAW and Border Guarding Forces should provide sufficient advanced information about the large-scale exodus of people to India.

ii) The Cabinet Committee on Security (CCS) should be apprised of the likelihood of large-scale influx of

people from the neighbouring country and the measures to be taken to deal with the emergent situation.

iii) *There should be timely and prompt information flow at all levels to deal with the situation effectively.*

iv) The Control room of MHA would be informed about the large influx of people by the quickest possible means. The telephone numbers (landline and mobile) of the Control room of MHA should be available with the district administration of all districts situated on the country's International Border as well as with the concerned Divisions in MEA and Indian Missions (through MEA) in concerned Ministries.

v) The Border Guarding Forces will permit the influx of people from neighbouring countries only after getting permission from the Ministry of Home Affairs. They will look after these people for the maximum period of 72 hours. After that, they will be the responsibility of the concerned State Government who will make necessary arrangements for their temporary stay. The total expenditure will be borne by the Central Government.

vi) Joint Secretary (FFR) in MHA shall be the Nodal Officer for dealing with large-scale influx of people from the neighbouring countries. The Nodal Officer will immediately inform the Home Minister, External Affairs Minister, Defence Minister, Home Secretary, Foreign Secretary, Defence Secretary, Secretary (BM) and JS (DM) of the developing situation who would brief the National Crisis Management Committee.

vii) The Nodal Officer shall also coordinate with the Chief Secretary of State Governments, Border Guarding Forces, IB, Indian Missions and the concerned territorial divisions in MEA to assess the type of help and quantum of assistance required for relief and temporary stay of such people.

viii) Each State shall draw up its own crisis management plan/SOP to deal with large-scale influx of people from the neighbouring countries.

4. **RELIEF ASSISTANCE IN CAMPS**

i) The existing infrastructure and open grounds to provide temporary/semi permanent accommodation should be identified by the District Administration. The existing medical facilities, water supply facilities, electricity supply facilities and other civic amenities should also be identified in advance to accommodate the Migrants/Refugees.

ii) A preliminary local inquiry should be conducted by the local police authorities about the antecedents of the refugees and their list maintained.

iii) The refugees should be screened by the Intelligence Bureau, Border Guarding Forces and the local police authorities in detail to segregate the militants, if any who might mingle with the refugees. These agencies should utilize the information, available with them regarding the militants, insurgents and terrorists to ensure that such elements should not enter the country.

iv) The refugees should be kept in quarantine for a limited period before shifting them to camps. The Ministry of Health should decide the quarantine period.

v) The refugees should be vaccinated by the medical team. The medical assistance to the needy refugees should be organized by the District Authorities in the Primary Health Centers and Government Hospitals located nearby.

vi) After screening by the police authorities, the District officials should register the refugees in the admission register after verifying the documents, if available, such as identification card, family card, school record etc. and other details such as name of the refugees, age, occupation, address in their country.

vii) A Control room will be located at each camp. This control room should be equipped with modern communication facilities to enable the people from neighbouring country as well as the officials on duty to communicate effectively. The information about the people should be put on the Internet to enable their acquaintances in neighbouring countries to know about them.

viii) After the registration is over, the refugee families should be photographed to record the identity of each member and paste the photograph in the Identity Card. One copy of the Identity Card should be given to the refugees and another copy should be retained in the office. They should be accommodated in various refugees camps depending on the availability of the accommodation.

ix) Every camp should be provided with boarding & lodging, drinking water facility, medical facility, sanitary facility, electricity etc. Necessary security arrangements should also be made. The scale of ration and other facilities should be as per the existing norms of MHA.

x) Separate camps should be maintained for females and girls. The camp should be properly illuminated with proper bath and Latrines etc.

xi) The refugees should not be allowed to move away from the camps. A proper movement control should be exercised.

xii) The Ministry of External Affairs should take up with the neighbouring country, the issue of repatriation of people to their respective countries at the earliest.

xiii) The people/influx now seek shelter in India may prefer to stay back especially if they are from the minorities or political opposition. The MEA would take up the question of repatriation and pursue it through its Missions in the respective countries. Once the situation returns to normalcy in their respective countries, people should be immediately repatriated to their respective countries through diplomatic channel.

5. **ASSISTANCE FROM OTHER MINISTRIES**

The Nodal Officer shall tie up arrangements with the following Ministries as well as the State Governments to make necessary arrangements: -

(a) **CENTRAL GOVERNMENT**

(i) **MINISTRY OF HOME AFFAIRS**

To deploy adequate forces to avoid such crisis as breakdown of law and order and to provide specialized teams for first-aid and support to district administration.

(ii) **MINISTRY OF HEALTH**

The Ministry should nominate Nodal Officer who would guide the various agencies with regard to making necessary arrangements to avoid spread of academic and to make necessary medical facilities. It would be expedient if nodal officers are nominated to border areas to deal with such crisis situations.

(iii) **MINISTRY OF DEFENCE**

The Joint Secretary (G)/Director (G) in the Ministry of Defence shall be the Nodal Officer who will coordinate deployment of adequate forces, if required.

(b) **STATE GOVERNMENTS**

i) **POLICE /DISTRICT ADMINISTRATION**

The SP & District Collector of the border district must be informed at the very onset of influx of people from the neighbouring countries.

ii) **HOSPITAL**

Nearest civil PHC hospital be alerted to remain ready for any contingency. It should have all emergency medicines/First Aid etc.

iii) TRANSPORT

Nearest district transport authority should be made responsible for passengers.

iv) SECURITY FORCES

Nearest available Commandant/SP be informed to keep his forces ready for assistance to the Border Guarding Forces. Adequate number of diesel/electric generators should be kept ready for use by the local district administration..

MONITORING THE SITUATION

The Nodal Officer, MHA shall monitor the situation gh MHA Control Room and submit reports to Home tary/Home Minister. The situation report shall also be to the Joint Secretary (Disaster Management) for sing the National Crisis Management Committee.

Director General of the concerned Border Guarding s shall take appropriate action to monitor the large and inform MHA of the situation on the regular basis.

****

उत्तरांचल अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग
21/23 ई0सी0 रोड, देहरादून

सेवा में,

जिलाधिकारी,
नैनीताल
उत्तरांचल ।

पत्रांक 1370 /आयोग/2006–07 दिनांक 31/7/200

महोदय,

कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना संख्या 145, दि0 31.03.1995 तथा शासनादेश सं0 4578/26.3.95–4(256)/94, दि0 17 अक्टूबर, 1995 के अनुसार " अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियमावली 1995 के नियम 12(4) के अन्तर्गत अनुमन्य " आर्थिक सहायता सम्बन्धी दिग्दर्शिका तथा संविधान की "पांचवी अनुसूची" के "धारा 24" के "भाग 24" में उत्तरांचल में निवासरत अनुसूचित जाति की श्रेणी तथा संविधान की "छठी अनुसूची" के "धारा 25" के "भाग 21" में उत्तरांचल में निवासरत अनुसूचित जनजाति की श्रेणी की प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है ।

कृपया अपने जनपद में संलग्न दिग्दर्शिका एवं संलग्न जाति सम्बन्धी सूची के अनुसार अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों के प्रकरणों में कार्यवाही कर मा0 आयोग को अवगत कराने का कष्ट करें ।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार ।

भवदीय

सचिव
उत्तरांचल अनुसूचित जाति एवं
अनुसूचित जनजाति आयोग, देहरादून

अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियमावली 1995 के नियम 12(4) के अन्तर्गत अनुमन्य

आर्थिक सहायता सम्बन्धी

कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना संख्या

145 दि. 31.03.1995 तथा

शासनादेश सं. 4578/26.3.95-4(256)/94

दि. 17 अक्टूबर, 1995 के अनुसार

दिग्दर्शिका

उत्तरांचल सरकार

उत्तरांचल अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग

21/23 ई.सी. रोड, देहरादून

द्वारा

जनहित में प्रकाशित

ह विवरण अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों पर गैर ुसूचित जाति के व्यक्तियों द्वारा कारित की जाने वाली विभिन्न प्रकार की घटनाओं पर राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता सम्बन्धी जानकारी जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से उत्तरांचल अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है।

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियमावली 1995 के नियम 12 का उद्धरण

जनपद प्रशासन द्वारा किये जाने वाले उपाय :

(1) जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक उस क्षेत्र या स्थल पर जहाँ अत्याचार कारित किया गया है जीवन की क्षति व सम्पत्ति की हानि को आंकने जायेंगे तथा पीड़ितों, उनके पारिवारिक सदस्यों व आश्रितों की जो अनुतोष के हकदार हैं एक सूची तैयार करेंगे।

(2) पुलिस अधीक्षक यह सुनिश्चित [illegible] सूचना रिपोर्ट क्षेत्र से सम्बन्धित पुलिस थाना की पुस्तिका में पंजीकृत हुआ है तथा ऐसे रोक-थाम के उपाय करेगा जैसा वह उचित व आवश्यक समझे।

(3) पुलिस अधीक्षक, स्थल निरीक्षण के पश्चात् एक अन्वेषण अधिकारी की तुरन्त नियुक्ति करेगा एवं क्षेत्र में ऐसे पुलिस बल को अभिनियोजित करेगा तथा ऐसे रोक–थाम के उपाय करेगा जैसा वह उचित व आवश्यक समझे।

(4) जिलाधिकारी या उप खण्डाधिकारी या कोई अन्य शासकीय मजिस्ट्रेट अत्याचार से पीड़ितों, उनके परिवारिक सदस्यों व आश्रितों को तुरन्त नकद या वस्तु में या दोनों में अनुतोष उस मानक के अनुसार जैसा इन नियमों से उपावद (उपाबंध–I सपठित उपाबंध–II) में हो, की व्यवस्था करेगा। ऐसे शीघ्र अनुतोष में भोजन, जल, वस्त्र, शरण, चिकित्सकीय सहायता, यातायात सुविधा एवं अन्य आवश्यक मदद जो मानव जाति के लिए आवश्यक हो, भी शामिल होगा।

(5) अत्याचार से पीड़ितों या उसके (स्त्री / पुरूष के) आश्रित उपधारा (4) के अन्तर्गत मृत्यु या सम्पत्ति की क्षति या हानि के सम्बन्ध में दिया गया अनुतोष तत्समय प्रवृत्त

... दावा करने के किसी अन्य ...र के अलावा होगा।

... उपनियम (6) में उल्लिखित पुनर्वास सुविधा व अनुतोष जिलाधीश या ...खण्डाधिकारी या कोई अन्य शासकीय मजिस्ट्रेट द्वारा इन नियमों से उपाबद्ध अनु... में दिये गये मानकानुसार दिया जायेगा।

(7) पीड़ितों को दिये गये पुनर्वास सुविधा व अनुतोष की रिपोर्ट विशिष्ट न्यायालय को ... जिलाधिकारी या उपखण्डाधिकारी या अन्य शासकीय मजिस्ट्रेट या पुलिस अधीक्षक द्वारा अग्रसारित किया जायेगा। यदि विशिष्ट न्यायालय संतुष्ट है कि अन... की अदायगी पीडित या उसके (स्त्री/पुरूष के) आश्रित को समय पर न... की गयी या अ... क्षतिपूर्ति की राशि पर्याप्त नहीं थी या अनुतोष या क्षतिपूर्ति के मात्र एक भाग की अदायगी की गयी, यह अनुतोष के या सहायता की किसी अन्य वस्तु की पूर्ण या आशतः अदा करने के लिए आदेश कर सकती है।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अन्तर्गत परिभाषित अपराध के ...स्वरूप राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली अनुतोष की निम्नवत राशि सम्बन्धी विवरण ...

उपबन्ध–1

अनुसूची

(नियम 12(4) द्रष्टव्य)

अनुतोष राशि हेतु सन्नियम

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के अन्तर्गत अपराध के नाम	अनुतोष की निम्नवत् राशि
1. अखाद्य या घृणात्मक पदार्थ ... खाना धारा 3(1)(i)	प्रत्येक पीड़ित को अपराध की प्रकृति व गम्भीरता पर आश्रित होते हुए तथा दरिद्रता अपमान क्षति व मानहानि के अनुरूप 25,000 रुपये का अधिक। अदायगी निम्न प्रकार से की जायेगी।

नेत या क्षुब्ध करना ...)(ii)	(i) 25 प्रतिशत जब न्यायालय को आरोप पत्र प्रेषित किया जाता है। (ii) 75 प्रतिशत जब अवर न्यायालय द्वारा अभियुक्त दोष सिद्ध किये जाते हैं।
3. अनादर सूचक कार्य धारा 3(1)(iii)	
4. भूमि का विधि विरूद्ध कब्जा या कृषि कार्य आदि धारा 3(1)(iv)	अपराध की प्रकृति व गम्भीरता पर आश्रित होते हुए कम से कम 25,000 रुपये।
5. भूमि परिसर व जल सम्बन्धी धारा 3(1)(v)	भूमि/परिसर/जलापूर्ति प्रत्यावर्तित कर दी जायेगी। जहां आवश्यक हो सरकारी मूल्य की पूर्ण अदायगी की जायेगी जब न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया जायेगा।
6 बेगार, बलात् श्रम या बंधुआ मजदूर धारा 3(1)(vi)	प्रत्येक पीडित को कम से कम 25,000रुपये एफ.आई.आर. स्तर पर 25 प्रतिशत तथा अवर न्यायालय में दोषसिद्धि पर 75 प्रतिशत की अदायगी।
7. मताधिकार सम्बन्धी धारा 3(1)(vii)	अपराध की प्रकृति व गम्भीरता का आश्रय लेते हुए 20,000 रुपये से ऊपर।
8. मिथ्या, द्वेषपूर्ण या तंग करने वाली विधिक कार्यवाहियां धारा 3(1)(viii)	25,000 रुपये या वास्तविक खर्चे व क्षति की प्रतिपूर्ति या जो भी अभियुक्त के परीक्षण के निर्णय के पश्चात कम है।
9. मिथ्या व तुच्छ सूचना धारा 3(1)(ix)	अपराध की प्रकृति व गम्भीरता पर आश्रित होते हुए प्रत्येक पीड़ित को 25,000 रुपये तक। 25 प्रतिशत की अदायगी जब आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जाये तथा बाकी दोष सिद्धि पर।
10. अपमान, अभित्रास व हीनता धारा 3(1)(x)	

सी महिला की लज्जा भंग करना धारा 3(1)(xi)	अपराध के प्रत्येक पीडित को 50,000 रुपये धनराशि का 50 प्रतिशत चिकित्सकीय परीक्षण पश्चात तथा बाकी 50 प्रतिशत परीक्षण के निष्कर्ष पर देय।
12. किसी महिला का लिंगीय शोषण धारा 3(1)(xii)	
13. जल का प्रदूषण धारा 3(1)(xiii)	1,00,000 रुपये तक या सामान्य सुविधा के प्रत्यावर्तन का पूर्ण मूल्य, जिसमें सफाई शामिल है, जबकि जल प्रदूषित है। जनपद प्रशासन द्वारा जो उचित समझा जाये उस स्तर पर अदायगी की जायेगी।
14. रास्ते के रुढिगत अधिकार का अस्वीकार धारा 3(1)(xiv)	1,00,000 रुपये तक या रास्ते के अधिकार के प्रत्यावर्तन का पूर्ण मूल्य एवं सहे गये नुकसान की पूर्ण क्षतिपूर्ति, यदि कोई हो, 50 प्रतिशत की अदायगी, जब न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया जाता है तथा 50 प्रतिशत अवर न्यायालय में दोषसिद्धि पर।
15. निवास–स्थान को छुडवाना धारा 3(1)(xv)	क्षेत्र/रुकने के अधिकार का प्रत्यावर्तन तथा प्रत्येक पीडित को 25,000 रुपये की क्षतिपूर्ति एवं सरकारी खर्चे पर जीवन का पुनः निर्माण, यदि नष्ट कर दिया गया हो, पूर्णतः देय होगा जब कि अवर न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया जाता है।
16. मिथ्या साक्ष्य देना धारा 3(2)(i) व (ii)	कम से कम 1,00,000 रुपये या सहे गये नुकसान या क्षति के पूर्ण क्षतिपूर्ति का 50 प्रतिशत न्यायालय में आरोप पत्र जब प्रस्तुत किया जाता है तथा 50 प्रतिशत अवर न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि पर देय होगा।
17. भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत 18 वर्ष या अधिक	प्रत्येक पीड़ित और या उसके आश्रितों को अपराध की प्रकृति व गम्भीरता का आश्रय लेते हुए कम से कम

..वास से दण्डनीय ..राध कारित करना धारा 3(2)	50,000 रुपये। यह राशि भिन्न होगी यदि विशिष्ट रूप से अनुसूची में अन्यथा उल्लिखित है।
18. लोकसेवक के हाथों उत्पीड़न धारा 3(2)	सहे गये नुकसान, अपहानि या क्षति के लिए पूर्ण क्षतिपूर्ति का 50 प्रतिशत न्यायालय में आरोपपत्र जब प्रेषित किया जाता है तथा 50 प्रतिशत अवर न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि पर होगा।
19. अक्षमता/शारीरिक व मानसिक अक्षमता की परिभाषा कल्याण मंत्रालय में भारत सरकार अधि. सू.स. 4-2-/83-एच.डब्लू. III, दि. 6-8-1986 तथा समय-समय पर संशोधित/अधिसूचना की एक प्रति उपाबंध II पर है।	
(क) 100 प्रतिशत असमर्थता	
(i) परिवार का गैर कमाई वाला सदस्य	अपराध के प्रत्येक पीड़ित को कम से कम 1,00,000 रुपये का 50 प्रतिशत एफ.आई.आर. पर तथा 25 प्रतिशत आरोप पत्र पर एवं 25 प्रतिशत अवर न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि पर।
(ii) कमाई वाला सदस्य	अपराध के प्रत्येक पीड़ित को कम से कम 2,00,000 रुपये का 50 प्रतिशत एफ.आई.आर. चिकित्सकीय परीक्षण स्तर पर, 25 प्रतिशत जब नयायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया जाता है तथा 25 प्रतिशत अवर न्यायालय में दोषसिद्धि पर देय होगा।
(ख) जहाँ असमर्थता 100 प्रतिशत से कम है	दर जो (क) (i) व (ii) में ऊपर वर्णित है उसी अनुपात में कम कर दिया जायेगा, अदायगी का स्तर भी वही

		होगा। तो भी, परिवार के गैर कमाई वाले सदस्य को 15,000 रुपये से कम नहीं तथा कमायी वाले सदस्य को 30,000 रुपये से कम नही।
20.	हत्या / मृत्यु	
	(क) परिवार का गैर कमायी वाला सदस्य	प्रत्येक मामले मे कम से कम 1,00,000 रुपये। शव परीक्षण के पश्चात 75 प्रतिशत तथा अवर न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि पर 25 प्रतिशत की अदायगी।
	(ख) परिवार का कमायी वाला सदस्य	कम से कम 2,00,000 रुपये प्रत्येक मामले में। शव परीक्षण के पश्चात 75 प्रतिशत तथा अवर न्यायालय द्वारा दोषसिद्धि पर 25 प्रतिशत।
21	हत्या, मृत्यु, नरसंहार, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार व गैंग बलात्कार, स्थायी असमर्थता व डकैती।	ऊपरी मदों के अन्तर्गत अनुतोष राशि के अलावा, अत्याचार की तिथि के तीन माहो में निम्नलिखित रूप से अनुतोष की व्यवस्था की जा सकती है। (i) अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की प्रत्येक विधवा / या अन्य आश्रितों को 1,000 रुपये प्रतिमाह की दर से पेन्शन या मृतक के परिवार के एक सदस्य को रोजगार या यदि आवश्यक हो पूर्णतः क्रम द्वारा कृषित भूमि, एक घर की व्यवस्था। (ii) पीड़ितों के बच्चों का भरण–पोषण व शिक्षा का पूरा खर्च। बच्चों को आश्रम, विद्यालयों / आवासीय विद्यालयों में प्रविष्ट कराया जा सकता है। (iii) तीन महीनों के समय के लिए बर्तनों, चावल, गेहूँ, दालों, खाद्य दाल वाले बीजों इत्यादि की व्यवस्था।
22.	पूर्णतया विनष्ट / जले घर	सरकारी खर्चे पर ईंट / पत्थर के पक्के मकान, जहां वे विनिष्ट या जला दिये गये हैं, को बनवाये या दिये जायेंगे।

पांचवी अनुसूची

(धारा 24 देखिए)

संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950 का संशोधन

(अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950 में, –

(क) पैरा 2 में, " 23 " अंकों के स्थान पर " 24 " अंक रखे जाएंगें ,
(ख) अनुसूची में, भाग 23 के पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात :–

" भाग 24 – उत्तरांचल "

अगरिया
बधिक
बादी
बहेलिया
बैगा
बैसवार
बजनिया
बाजगी
बलहर
10. बलाई
11. बाल्मीकि
12. बंगाली
13. बनमानुष
14. बांसफोड़
15. बरवार
16. बसोर
17. बावरिया
18. बेलदार
19. बेरिया
20. भंतू
21. भूईया
22. भुइयार
23. बोरिया
24. चमार, धुसिया, झुसिया, जाटव
25. चेरो
26. दबगर
27. धांगड़
28. धानुक
29. धरकार
30. धोबी

33. दुसाध
34. धरमी
35. धारिया
36. गोंड
37. ग्वाल
38. हबूड़ा
39. हरी
40. हेला
41. कलाबाज
42. कंजड़
43. कपड़िया
44. करवल
45. खरैता
46. खरवार (बनवासी को छोड़कर)
47. खटीक
48. खरोट
49. कोल
50. कोरी
51. कोरवा
52. लालबेगी
53. मझवार
54. मजहबी
55. मुसहर
56. नट
57. पंखा
58. परहिया
59. पासी, तरमाली
60. पतरी
61. सहरिया
62. सनोरिया
63. सांसिया
64. शिल्पकार
65. तुरैहा । "।

छठी अनुसूची

(धारा 25 देखिए)

संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश, 1950 का संशोधन

संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश, 1950 में, –

(1) पैरा 2 में, " 20 " अंकों के स्थान पर " 21 "

(2) अनुसूची में, भाग 20 के पश्चात् निम्नलिखित भाग अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :–

" भाग 21 – उत्तरांचल "

1. भोटिया
2. बुक्सा
3. जौनसारी
4. राजी
5. थारू । "।

अभियोजन निदेशालय,
से मुख्यालय भवन,12 सुभाष मार्ग,
उत्तरांचल,देहरादून।

पत्रांक: अभि0नि0/अनु0–दो/37/ 407   दिनांक 8 अगस्त,2006

सेवा में,

जिलाधिकारी,
नैनीताल ।

विषय– बजट आवंटन ।

वित्तीय वर्ष 2006–07 अनुदान सं0–10 लेखाशीर्षक 2055 पुलिस प्रशासन, 800 अन्य व्यय,03 अभियोजन अधिष्ठान–आयोजनेत्तर, के अन्तर्गत शासन के आदेश सं0 519/XX(05) 06–07अभि0/बजट/06 दिनांक 2–5–2006तथा शासनादेश सं0559/XX(05)06–07अभि0/बजट/06 दिनांक 22–5–2006 के कम में स्वीकृत बजट को निम्न प्रकार आवंटित किया जाता है ।

क0सं0	मद का नाम	पूर्व आवंटन	वर्तमान आवंटन	योग	बजट [illegible] में प्रविष्टि का कमांक
1–	01 वेतन	240000	–	240000	69
2–	03 महंगाई भत्ता	100000	–	100000	69
3–	04 यात्रा भत्ता	–	–	–	69
4–	05 स्थाना0यात्रा भत्ता	–	–	–	69
5–	06 अन्य भत्ता	30000	–	30000	69
6–	07 मानदेय	–	–	–	69
7–	08 कार्यालय व्यय	[illegible]	–	5000	69
8–	09 विद्युत व्यय	–	–	–	69
9–	10 जलकर/जलप्रभार	–	–	–	69
10–	11 लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	[illegible]	–	4000	69
11–	12 कार्या0फर्नीचर एवं उपकरण	–	4000	4000	69
12–	13 टेलीफोन व्यय	10000	–	10000	69
13–	14 स्टाफ कारों/मोटर गाडियों का कय	–	–	–	69
14–	15गाडियों का अनु0और पेट्रोल आदि काकय	–	–	–	69
15–	17किराया,उपशुल्क और कर–स्वामित्व	–	–	–	69
16–	26 मशीनें और सज्जा/उपकरण /सयत्र	–	–	–	69
17–	27 चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	–	–	–	69
18–	29 अनुरक्षण	–	–	–	69
19–	42 अन्य व्यय	–	–	–	69
20–	44 प्रशिक्षण व्यय	–	–	–	69
21–	45 अवकाश यात्रा व्यय	–	–	–	69
22–	46 कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर कय	–	–	–	69
23–	47 कम्प्यूटर अनु0/तत्संबंधी स्टेशनरी का कय	–	–	–	69
24–	48–महंगाई भत्ता	120000	–	120000	69
	योग:–	509000	4000	513000	69

(रू0 चार हजार मात्र)

(बी0डी0जोशी)
वित्त नियंत्रक,अभियोजन,
उत्तरांचल,देहरादून।

कमशः 2/–

–2–

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
1– बरिष्ठ कोषाधिकारी, नैनीताल।
2– मुख्य अभियोजन अधिकारी मा0उच्च न्यायालय, नैनीताल।
3– कार्यालय प्रति ।

(बी0डी0जोशी)
वित्त नियंत्रक,अभियोजन,
उत्तरांचल,देहरादून।

कार्यालय जिलाधिकारी नैनीताल
सं० 766/XX-न्याय स०/2006, दिनांक : सितम्बर, 20
प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1– मुख्य अभियोजन अधिकारी मा० उच्च न्यायालय, नैनीताल
2– मूल प्रति गार्ड फाईल

प्रभारी अधिकारी
कृते जिलाधिकारी नैनीताल
8/9/06

उत्तरांचल शासन
गृह अनुभाग
संख्या–1831/XX(1)/243/ ...II/2002
देहरादून:दिनांक: 11 अ...

<u>कार्यालय ज्ञाप</u>

एतद्द्वारा एम0बी0ए0डिग्री ... हल्द्वानी के ... विद्यार्थियों द्वारा आत्मदाह किये जाने सम्बन्धी प्रकरण की जांच हेतु गठित समिति में कार्यालय ज्ञाप दिनांक 21 ... 200... द्वारा श्री ... रतूड़ी, पुलिस महानिरीक्षक, कुमांयू परिक्षेत्र के स्थान पर पुलिस महानिरीक्षक, कुमांयू परिक्षेत्र को ~~सदस्य~~ प्रतिनिधि नामित किया जाता है।

भवदीय

(मंजुल कुमार जोशी)
अपर सचिव।

<u>संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1-- प्रमुख सचिव, मा0मुख्यमंत्री,उत्तरांचल।
2-- आयुक्त, कुमांयू मण्डल, नैनीताल।
3-- पुलिस महानिरीक्षक, कुमांयू परिक्षेत्र, नैनीताल।
4-- क्षेत्रीय खाद्य नियन्त्रक, हल्द्वानी ।
5-- सचिव, शिक्षा,उत्तरांचल शासन।
6-- जिला मजिस्ट्रेट/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल।

आज्ञा से,
11/9/...
(मंजुल कुमार जोशी)
अपर सचिव।

महत्वपूर्ण

संख्या–504/XX(3)–32/CBI/CBCID/2006

प्रेषक,

मंजुल कुमार जोशी,
अपर सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवामें,

1–पुलिस महानिदेशक,
उत्तरांचल, देहरादून।
2–समस्त जिला मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक,
उत्तरांचल।

गृह अनुभाग–3 देहरादून:दिनांक: 24 अगस्त, 2006

विषय:– राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को विवेचनाएं स्थानान्तरित करते समय प्रस्तुत सुझाव/प्रस्तावों के संबन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक श्री ब्रह्म दत्त, अपर सचिव, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली के अ. शा. पत्र संख्या–228/23/2006 ADV.II दिनांक 02 अगस्त 2006 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। (छाया प्रति संलग्न)

उक्त विषय में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि भविष्य में राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, नई दिल्ली को स्थानान्तरित की जानी वाली विवेचनाओं के प्रस्ताव/सुझाव कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के पत्र के साथ संलग्न निर्धारित प्रारुप एवं निर्देशानुसार ही शासन को प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

संलग्नक:–यथोपरि।

भवदीय,
24/8/06
(मंजुल कुमार जोशी)

संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि श्री ब्रह्म दत्त, अपर सचिव, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को उनके अ. शा. पत्र संख्या–228/23/2006-ADV.II दिनांक 02 अगस्त 2006 के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय,
24/8/06
(मंजुल कुमार जोशी)
अपर सचिव।

दिनांक 11/8/2006

Brahm Dutt
अपर सचिव
Additional Secretary
Tele : 23093668
Fax : 23094001

भारत सरकार
कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली—110001
GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMENT OF PERSONNEL & TRAINING
MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS
NORTH BLOCK, NEW DLEHI-110001

D.O. No. 228/23/2006-AVD.II

Dated: August 2, 2006

Sub: - References made by the State Government for CBI inquiry/Investigation

*****

Dear Shri Ramachandran,

As per the provisions of Section 6 of the Delhi Special Police Establishment (DSPE) Act, 1946, consent of the concerned State Government is required to enable the Central Government to extend the powers and jurisdiction of Special Police Establishment to that State under Section 5 of DSPE Act, 1946.

2. It has been observed that while forwarding matters for CBI investigation, State Governments usually send a copy of notification issued under Section 6 of DSPE Act, 1946, without giving relevant details of the case. This often results in delay in transferring the case to the Central Bureau of Investigation for Investigation.

3. In order to enable this Department to examine the feasibility of undertaking investigation by the CBI and to avoid delay in processing the case, it is suggested that the State Government should send a self-contained note along with the notification under Section 6 of the DSPE Act, 1946. A proforma for the self-contained note is enclosed.

4. The State Governments are further requested that when a case has been referred to CBI, pending the decision of the Central Government, the investigation by the local State Police must continue and should not be stopped or delayed in anticipation of the case being taken over by CBI for investigation. It may also be mentioned that CBI generally takes up a case in which an FIR has already been registered by the local Police. In addition, CBI may also take up an enquiry and register a Preliminary Enquiry in special circumstances. However, there is no provision to make an informal enquiry into any matter.

5. It is requested that the guidelines contained in this letter may please be followed by the State Governments while referring cases to the Central Government for investigation by the CBI.

With kind regards,

सं. 477 /प्र.स.गृह/200
दिनांक 18/8/200
प्र. सचिव गृह

Yours sincerely,

(Brahm Dutt)

Shri M. Ramachandran,
Chief Secretary,
Government of Uttaranchal,
Dehradun.

10.8.2006
मुख्य सचिव
उत्तरांचल शासन
अ० सचिव, गृह (CM)

(विभा पुरी दास)
प्रमुख सचिव-गृह
उत्तरांचल शासन
11/8/06

Proforma for making reference to Central Government
for CBI inquiry/investigation – 71 -

1.	Brief facts of the case to be investigated. (Details as regards the crime – what, how, when, where and by whom may invariably be indicated)	
2.	Copy of the FIR (if a case has already been registered by the local police) If FIR is in local language, the English translation may be provided.	
3.	Result of investigation done by the local police, including details of seizures/arrest made and the present status of the arrested accused i.e. whether on bail or in custody.	
4.	Details of court case, if any, filed in the matter.	
5.	Justification for referring the matter to CBI including inter-state or transnational ramifications.	
6.	Reasons regarding local/ State Police not being in a position to investigate the matter.	
7.	Whether the State Government will be ready to place resources-manpower and logistic support including camp office and vehicles at the disposal of CBI, in case required, in connection with the investigation of the case.	

दिनांक 09--1--2007 को गणतंत्र दिवस समारोह (26 जनवरी 2007) मनाये जाने के सम्बन्ध में कार्यकमों की रूप--रेखा तैयार किये जाने हेतु सांय काल 3:00 बजे से जिला कार्यालय के सभागार कक्ष में हुई बैठक की कार्यवाही ।

-----000-----

बैठक में विचार विमर्श के उपरान्त सर्वसम्मति से गणतंत्र दिवस समारोह (26 जनवरी 2007) मनाये जाने हेतु निम्नानुसार कार्यकमों की रूप--रेखा निर्धारित की गई :--

1-- प्रभात फेरी :---

नैनीताल :-- प्रातः 08:00 बजे रामलीला स्टेज मल्लीताल से प्रारम्भ होकर 09:00 बजे प्रातः गॉधी चौक तल्लीताल मे विसर्जित होगी। प्रभात फेरी मे समस्त नागरिको के द्वारा भाग लिया जायेगा तथा नैनीताल में स्थित सभी कार्यालय के समस्त अधिकारी /कर्मचारी इस प्रभात फेरी में अनिवार्य रूप से भाग लेंगें।

संयोजकः--- अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद् नैनीताल/परगनाधिकारी, नैनीताल/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नैनीताल/नगर शिक्षा अधिकारी नैनीताल/श्री दुर्गादत्त रूवाली/श्री प्रताप गैया/श्री देब सिंह मेर/श्री किशन लाल साह/श्री सूरज कर्नाटक/श्री मौ0 युसून/श्री ललित साह/श्री गिरीश चन्द्र जोशी/प्रबन्धक, गॉधी आश्रम,, तल्लीताल/मल्लीतल/ /अध्यक्ष, व्यापार मण्डल, नैनीताल/शारदा संघ, नैनीताल/आर्य समाज, नैनीताल/युगमंच, राष्ट्रीय लोक मंच, आचार्य नरेन्द्र देव शिक्षा संस्थान/श्री सतोष कुमार साह, एम0बी0ए0 क्लब, नैनीताल।

भीमतालः-- भीमताल में प्रभात फेरी प्रातः 08:00 बजे से होगी। इसमें स्वतंत्रता सेनानियो, सम्भ्रान्त नागरिको तथा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के छात्र--छात्राओं द्वारा भाग लिया जायेगा।

संयोजकः-- मुख्य विकास अधिकारी, नैनीताल/जिला शिक्षा अधिकारी, नैनीताल/अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत,भीमताल।

हल्द्वानीः--_हल्द्वानी मे प्रभात फेरी 06:30 बजे प्रभात फेरी रामलीला ग्राउन्ड से प्रारम्भ होकर मुख्य मार्ग होते हुए शहीद चौक में समापत होगी। इसमे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, सम्भ्रान्त नागरिकों तथा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के छात्र--छात्राओं द्वारा भाग लिया जायेगा।

संयोजकः-- अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, हल्द्वानी/अपर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, नैनीताल/परगनाधिकारी, हल्द्वानी/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, हल्द्वानी

धारी, कौश्या कुटौली ,रामनगर, कालॉढुगी, बेतालघाट एवं लालकुऑ क्षेत्रों में सम्बन्धित परगनाधिकारी उपरोक्तानुसार अपने क्षेत्रान्तर्गत कार्यकम सुनिश्चित करेंगें।

2-- ध्वजारोहणः-- प्रातः 09:30 बजे_सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण किया जायेगा एवं संकल्प का स्मरण तथा राष्ट्रगान किया जायेगा। प्रत्येक नागरिक भी अपने--अपने घरों के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज का मर्यादानुसार प्रयोग कर सकते हैं। मल्लीताल में ध्वजारोहण रामसेवक सभा में व्यापार मण्डल एवं नागरिको द्वारा तथा तल्लीताल में गॉधी चौक में नगर के सम्भ्रान्त नागरिको द्वारा ध्वजारोहण किया जायेगा।

संकल्प

हम भारत के लोग अपने देश की सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न लोकतांत्रिक गणराज्य बनाये रखने के लिये तथा उसके नागरिको को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म, उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की क्षमता प्राप्त करने के लिये तथा उन सबसे व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता सुनिश्चित करने वाली बन्धुता का दृढ संकल्प लेते हैं।

3-- माल्यार्पण-- तल्लीताल स्थित गॉधी चौक में गॉधी जी की मूर्ति तथा मल्लीताल स्थित पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जी की मूर्ति में माल्यार्पण का कार्यकम प्रातः 10:35 बजे किया जायेगा। इस सम्बन्ध मे अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद , नैनीताल माल्यार्पण हेतु मालाओं एवं सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। मोहन लाल साह बालिका विद्या मन्दिर मे स्थित श्री मोहन लाल साह जी की मूर्ति पर सफाई एवं माल्यार्पण की व्यवस्था प्रधानाचार्य/प्रबन्धक, मोहन लाल साह बालिका विद्या मन्दिर, मल्लीताल, नैनीताल द्वारा की जायेगी।

6. पुलिस अधीक्षक, नैनीताल।
7. वरिष्ठ कोषाधिकारी, नैनीताल।
8. वित्त अनुभाग 1।
9. गार्ड फाईल।

संख्या -554/XXI(13)G/2005

प्रेषक,

राजीव गुप्ता,
प्रमुख सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

1– आयुक्त,
गढ़वाल मण्डल, पौड़ी/ कुमायूँ मण्डल, नैनीताल।

2– समस्त जिलाधिकारी उत्तरांचल।

सामान्य प्रशासन विभाग देहरादून: दिनांक: 18 नवम्बर, 2005

विषय:– राजकीय/ सैनिक/केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों की अंत्येष्टि के अवसर पर शवपेटिका या अर्थी पर राष्ट्रीय झण्डा लपेटने का सही तरीका।

महोदय,

उपरोक्त विषयक भारत सरकार, गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 15/16/05– पब्लिक, दिनांक 07 सितम्बर, 2005 द्वारा अवगत कराया गया है कि मन्त्रालय के संज्ञान में कुछ ऐसे दृष्टांत लाये गये है, जिनमें राजकीय अंत्येष्टियों के दौरान अर्थी या शवपेटिका को राष्ट्रीय झण्डे से गलत ढंग से ढका गया था। भारतीय झण्डा संहिता के भाग– III की धारा XI के पैराग्राफ 3.58 के अनुसार अंत्येष्टियों के अवसरों पर शवपेटिका या अर्थी झण्डे से ढक दी जायेगी और झण्डे का केसरिया भाग अर्थी या शवपेटिका के अग्रभाग की ओर रहेगा। झण्डे को कब्र में दफनाया या चिता में जलाया नहीं जायेगा।

भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों की छाया प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि तदनुसार सभी सम्बन्धित को सूचित करने एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक यथोक्त

(राजीव गुप्ता)
प्रमुख सचिव।

No. 5/16/2005-Public
Government of India / Bharat Sarkar
Ministry of Home Affairs / Grih Mantralaya
****

North Block, New Delhi.
Dated the 7th September, 2005.

To
The Chief Secretaries of
All State Governments / UT Administrations.

Subject: Correct method of draping over the coffin or bier with the National Flag on occasions of State/Military/Central Para-Military Forces funerals.

Sir,

I am directed to invite your attention to Paragraph 3.58 of Section XI of Part III of the Flag Code of India, reproduced below:-

"On occasions of State/Military/Central Para-Military Forces funerals, the Flag shall be draped over the bier or coffin with the saffron towards the head of the bier or coffin. The Flag shall not be lowered into the grave or burnt in the pyre."

Some instances have been brought to the notice of this Ministry where biers or coffins were draped with the National Flag wrongly i.e. other than method provided in the Flag Code of India as indicated above during State funerals, etc. You are, therefore, requested to take note of the above provision and issue instructions to all concerned to follow this provision scrupulously.

Yours faithfully,

(S.K. Bhatnagar)
Deputy Secretary to the Govt. of India
Tel.No.: 2309 2035

सं. 15/16/2005-पब्लिक

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

*****

7 SEP 2005

नॉर्थ ब्लाक, नई दिल्ली

दिनांक 7 सितम्बर, 2005

सेवा में,

सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र

प्रशासनों के मुख्य सचिव

विषय:- राजकीय/सैनिक/केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों की अंत्येष्टि के अवसर पर शवपेटिका या अर्थी पर राष्ट्रीय झण्डा लपेटने का सही तरीका।

महोदय,

मुझे भारतीय झण्डा संहिता के भाग-III की धारा XI के पैराग्राफ 3.58 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करने का निदेश हुआ है, जिसे नीचे उद्धृत किया गया है:-

"राजकीय/सैनिक/केन्द्रीय अर्द्ध सैनिक बलों के सम्मान से युक्त अंत्येष्टि के अवसरों पर शवपेटिका या अर्थी झण्डे से ढक दी जाएगी और झण्डे का केसरिया भाग अर्थी या शवपेटिका के अग्रभाग की ओर रहेगा। झण्डे को कब्र में दफनाया या चिता में जलाया नहीं जाएगा।"

2. कुछ ऐसे दृष्टांत इस मंत्रालय के संज्ञान में लाए गए हैं जिनमें राजकीय अंत्येष्टियों के दौरान अर्थी या शवपेटिका को राष्ट्रीय झण्डे से गलत ढंग से ढका गया था अर्थात् ऊपर भारतीय झण्डा संहिता में यथा-उल्लिखित ढंग से भिन्न ढंग से ढका गया था। अतः आपसे अनुरोध है कि आप उपर्युक्त उपबंधों को नोट कर लें तथा संबंधित सभी को इन उपबंधों का ध्यानपूर्वक पालन करने के अनुदेश जारी करें।

भवदीय,

(एस.के. भटनागर)

उप सचिव, भारत सरकार

दूरभाष सं. 23092035

संख्या– /गृह–1/3

प्रेषक,

मंजुल कुमार जोशी,
अपर सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

1.पुलिस महानिदेशक, उत्तरांचल।
2.अपर पुलिस महानिदेशक, होमगार्ड्स, उत्तरांचल।
3.पुलिस महानिरीक्षक, कानून एवं व्यवस्था, उत्तरांचल।
4.समस्त जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरांचल।

गृह अनुभाग-1 देहरादून:दिनांक: नवम्बर, 2003

विषय–सरकारी गाड़ियों पर राष्ट्रीय झण्डे का सही प्रदर्शन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तरांचल के पत्र संख्या 711/सामा0प्रशा0/2003, दिनांक 18 नवम्बर, 2003 एवं उसके साथ संलग्न भारत सरकार, गृह मंत्रालय के पत्र संख्या–15/11/2003–पब्लिक, दिनांक 10 अक्टूबर, 2003 (छायाप्रति संलग्न) का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसमें सरकारी गाड़ियों पर राष्ट्रीय झण्डे का सही प्रदर्शन करने संबंधी स्पष्ट निर्देश दिए गये हैं।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया संलग्न दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय,

(मंजुल कुमार जोशी)
अपर सचिव।

संख्या व दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपि–सचिव,सचिवालय प्रशासन विभाग, उत्तरांचल शासन को उनके उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 18.11.2003 के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(मंजुल कुमार जोशी)
अपर सचिव।

संख्या 711 /सा0प्र0शा0/2003

प्रेषक,

पी0सी0 शर्मा,
सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

1. प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तरांचल शासन।

2. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी,
उत्तरांचल।

अपर सचिव
गृह विभाग
उत्तरांचल शासन, देहरादून

सामान्य प्रशासन विभाग देहरादून दिनांक 13 नवम्बर, 2003.

विषयः सरकारी गाड़ियों पर राष्ट्रीय झण्डे का सही प्रदर्शन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक भारत सरकार, गृह मंत्रालय, से प्राप्त पत्र संख्या–15/11/2003 पब्लिक, दिनांक 11–10–2003, जिसके अन्तर्गत भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय झण्डे का सरकारी गाड़ियों में उपयोग के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गये हैं, की प्रति संलग्न करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,

(पी0सी0 शर्मा)
सचिव।

संख्या– 711 (1)/सा0प्रशा0/2003, तद्‌दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– सचिव, श्री राज्यपाल।
2– सचिव, विधान सभा सचिवालय, उत्तरांचल।
3– निबन्धक, मा0उच्च न्यायालय, नैनीताल।
4– निजी सचिव, मा0मुख्यमंत्री/मा0 मंत्रिगण/मा0 राज्यमंत्रिगण।
5– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(आर0 सी0 लोहनी)
उप सचिव।

नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली,
दिनांक 9 अक्तूबर, 2003

10 OCT 2003

सभी राज्य सरकारों/ संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के
मुख्य सचिव ।

विषय: सरकारी गाड़ियों पर राष्ट्रीय झंडे का सही प्रदर्शन ।

महोदय,

मुझे भारतीय झंडा संहिता 2002 की एक प्रति संलग्न करने और आपका ध्यान झंडा संहिता के भाग III की धारा III के पैराग्राफ 3.12 तथा भाग III की धारा IX के पैराग्राफ 3.46, जिन्हें नीचे उद्धृत किया गया है, की ओर आकृष्ट करने का निदेश हुआ है :-

भाग III, धारा III, पैराग्राफ 3.12

"जब झंडा किसी मोटर कार पर अकेले लगाया जाता है तो उसे बोनट के आगे बीचोबीच या कार के आगे दाईं ओर कसकर लगाए गए डंडे (स्टाफ) पर लहराया जाए ।"

भाग III, धारा IX, पैराग्राफ 3.46

"जब कोई विदेशी गणमान्य व्यक्ति सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई कार में यात्रा करे तो राष्ट्रीय झंडा कार के दाईं तरफ लगाया जाएगा और संबंधित देश का झंडा कार के बाईं ओर लगाया जाएगा।"

राष्ट्रीय झंडे को कार की बाईं ओर लगाए जाने के अनेक दृष्टांत इस मंत्रालय के ध्यान में आए हैं। ऐसा करना राष्ट्रीय झंडे को गलत तरीके से फहराना है । अतः, आपसे अनुरोध है कि आप उपर्युक्त उपबंधों को नोट करें और संबंधित सभी को इन उपबंधों का ध्यानपूर्वक पालन करने के अनुदेश जारी करें। यह भी देखने में आया है कि कई सरकारी वाहनों में राष्ट्रीय झंडे को आगे की ओर बाईं तरफ लगाने के लिए धातु का डंडा (स्टाफ) लगा होता है। अतः, संबंधित सभी को ये अनुदेश दिए जाएं कि स्टाफ की स्थिति तत्काल बदलकर इसे या तो बोनट के आगे बीचोबीच या कार के आगे दाईं ओर लगाया जाए जैसा कि संलग्न चित्र में दर्शाया गया है।

कृपया इस [illegible] के सभी [illegible] अधिकारियों के ध्यान में ला दिया जाए जो आप [illegible]
[illegible] राष्ट्रीय [illegible] आदि [illegible] है ।

भवदीय,


(यशवन्त राज)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष : 2309 2785

[illegible] इसी प्रकार की कार्रवाई हेतु निम्नलिखित को प्रेषित :

भारत सरकार के सभी [illegible]ालय/विभाग ।
राष्ट्रपति सचिवालय/उप राष्ट्रपति सचिवालय/प्रधानमंत्री कार्यालय/लोक सभा सचिवालय/राज्य सभा सचिवालय/भारत का उच्चतम न्यायालय/मंत्रिमंडल सचिवालय/भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक/संघ लोक सेवा आयोग/योजना आयोग/केन्द्रीय सतर्कता आयोग/दिल्ली उच्च न्यायालय/केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण ।
विदेश मंत्रालय [संयुक्त सचिव (समन्वय)], साउथ ब्लाक, नई दिल्ली । इस पत्र की विषयवस्तु भारत के सभी दूतावासों/उच्चायोगों के ध्यान में ला दी जाए ।

(यशवन्त राज)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष : 2309 2785


[illegible] पर राष्ट्र[illegible] झंडे को लगाने की [illegible] स्थिति [illegible] वाला चित्र



आगे दाईं ओर



आगे दाईं ओर



आगे बीचोंबीच



आगे बीचोंबीच

उत्तरांचल शासन
समाज कल्याण अनुभाग 2
XVII(1)-2/2005-104(महिला कल्याण)/2001
देहरादून : दिनांक : 23 नवम्बर, 200

अधिसूचना

... संख्या 171/म.क.-02-104(महिला कल्याण)/2002 ... पदों में गठित किशोर न्याय बोर्डों, जिनका कार्यकाल ... (देखरेख और संरक्षण) नियमावली, 2002 के नियम 6 के ... दिनांक 7.11.2005 को समाप्त हो चुका है, को विधिवत ... तक के लिए, पूर्ववत कार्य करते रहने की सहर्ष स्वीकृति ...

(राधा रतूड़ी)
सचिव।

... (1)/XVII(1)-2/200 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

- ... सचिव, महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तरांचल।
- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी, उत्तरांचल।
- स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन।
- समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन।
- आयुक्त, कुमाऊं/गढ़वाल मण्डल, नैनीताल/पौड़ी।
- निबंधक, मा. उच्च न्यायालय, उत्तरांचल, नैनीताल।
- समस्त जनपद न्यायाधीश, उत्तरांचल।
- समस्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड, उत्तरांचल।
- समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
- निदेशक, समाज कल्याण, उत्तरांचल, हल्द्वानी (नैनीताल)।
- समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, उत्तरांचल।
- समस्त अधीक्षक/सहायक अधीक्षक, विभागीय संस्थाएं।
- उपनिदेशक, राजकीय मुद्रणालय, रूड़की (हरिद्वार) को इस आशय से कि उक्त अधिसूचना की 500प्रतियां शासकीय गजट में मुद्रित कर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(212)

उत्तरांचल शासन

औद्योगिक विकास/सूचना प्रौद्योगिकी
उत्तरांचल शासन
देहरादून

[illegible] 0 NOV [illegible]

संख्या 456 औ[illegible]/आई०टी०/[illegible]/05
दिनांक 28 नवम्बर 2005

[illegible] 005.06
A[illegible]
614
5/12/05

[illegible] लालकुआं,
जिला [illegible],
उत्तरांचल।

[illegible] जी को सम्बोधित अपने [illegible] का सन्दर्भ [illegible] करें [illegible] में [illegible] प्रदेश सरकार के बीच [illegible] में लग रहे उद्योगों में राज्य के बेरोजगारों का 75 [illegible] एवं 20 प्रतिशत [illegible] बेरोजगारों को रोजगारों के [illegible] पर शासनादेश लागू किये जाने से सम्बन्धित है।

उपरोक्त के क्रम में अवगत कराना है कि औद्योगिक विकास विभाग के शासनादेश संख्या 429/औ०वि०/रोजगार/2005-06 दिनांक 19 नवम्बर, 2005 के द्वारा राज्य सरकार द्वारा [illegible] नीति के अन्तर्गत प्रदेश में स्थापित हो रही औद्योगिक इकाईयों द्वारा राज्य के लोगों को न्यूनतम 70 प्रतिशत सेवायोजन अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान किया गया है। उक्त [illegible] शासनादेश की एक प्रति आपके सुलभ सन्दर्भ हेतु संलग्न कर प्रेषित भी की जा रही है।

संलग्न : उपरोक्तानुसार

(संजीव चोपड़ा)
सचिव

प्रतिलिपि : 1. श्री ओ०पी०तिवारी, उपसचिव, मुख्यमंत्री को माननीय मुख्यमंत्री के संज्ञानार्थ।
2. जिलाधिकारी, नैनीताल को इस आशय से कि आपने स्तर से भी अध्यक्ष, उत्तराखण्ड बेरोजगार संगठन, लालकुआं को अवगत कराने का कष्ट करें।

(संजीव चोपड़ा)
सचिव

कार्यालय जिलाधिकारी, नैनीताल,
पं० 614/XX-प्रा०स०/2005, दिनांक 5 दिसम्बर 2005
प्रतिलिपि तहसीलदार, लालकुआं को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि उक्त से अध्यक्ष को अवगत कराना सुनिश्चित करें।
2. मूल प्रति गार्ड फाईल में
जिलाधिकारी
नैनीताल

WE WILL EITHER FIND A WAY OR MAKE ONE

Uttaranchal Secretariat: B Subhash Road, Dehadun INDIA
Ph:0091-135-2713554, Fax: 135-2713553, http://ua.nic.in
SIDCUL. Ph: 0091-135-2743837/8, 2713534, 2743292/97, 2743288Fax. www.sidcul.com

संख्या 429/औ.वि./रोजगार/2005-06

प्रेषक,

संजीव चोपड़ा,
सचिव,
औद्योगिक विकास।

सेवा में,

निदेशक उद्योग,
उत्तरांचल।

औद्योगिक विकास विभाग देहरादून : दिनांक : 19 नवम्बर 2005

महोदय,

मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नीति के अन्तर्गत प्रदेश में स्थापित हो रही औद्योगिक इकाईयों द्वारा राज्य के लोगों को न्यूनतम 70 प्रतिशत सेवायोजन अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान किया गया है।

शासन द्वारा निर्धारित नीति के अन्तर्गत शासनादेश निर्गत होने की तिथि के उपरान्त प्रदेश में स्थापित हो रही औद्योगिक इकाईयों को विशेष आर्थिक पैकेज के अन्तर्गत प्रोत्साहन सुविधायें अनुमन्य किये जाने हेतु यह सुनिश्चित कर लें कि इन इकाईयों में न्यूनतम 70 प्रतिशत सेवायोजन राज्य के लोगों को उपलब्ध हुआ है।

उक्त आदेश तात्कालिक प्रभाव से लागू होगा।

भवदीय,

(संजीव चोपड़ा)
सचिव।

पृ.संख्या 429/उक्त, तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :

1. स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
2. शासन के समस्त प्रमुख सचिव/सचिव।
3. प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन, उत्तरांचल शासन।
4. समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तरांचल।
5. आयुक्त, कुमाऊं/गढ़वाल मण्डल।
6. प्रबन्ध निदेशक, सिडकुल, 2-न्यू कैन्ट रोड़, राजपुर रोड़, देहरादून।
7. समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
8. समस्त महाप्रबन्धक, जिला उद्योग केन्द्र, उत्तरांचल।

9. अध्यक्ष कुमाऊँ गढ़वाल चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्री, चेम्बर औद्योगिक आस्थान, काशीपुर/इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसियेशन, मोहब्बेवाला औद्योगिक आस्थान, देहरादून/कन्फडरेशन ऑफ इण्डियन इण्डस्ट्रीज, ने... हाउस, राजपुर रोड, देहरादून।
10. NIC Uttaranchal : इस अनुरोध के साथ की अधिसूचना को वैबसाईट पर प्रसारित कर दें।
11. गार्ड फाईल।

(संजीव चोपड़ा)
सचिव।

उत्तरांचल शासन

औद्योगिक विकास/सूचना प्रौद्योगिकी
उत्तरांचल शासन
देहरादून

संख्या 1456औ.वि./आई0टी0/पी.एस./05
दिनांक 28 नवम्बर,, 2005

अध्यक्ष,
उत्तराखण्ड बेरोजगार संगठन, लालकुआं,
जिला नैनीताल,
उत्तरांचल।

कृपया माननीय मुख्य मंत्री जी को सम्बोधित अपने ज्ञापन का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि ... गारों प्रदेश सरकार के बीच ... रहे उद्योगों में राज्य के ... रोजगार एवं 20 प्रतिशत स्थानीय ... को रोजगारों के ... शासनादेश लागू किये जाने से सम्बन्धित है।

उपरोक्त के क्रम में अवगत कराना है कि औद्योगिक विकास विभाग के शासनादेश संख्या 429/औ0वि0/रोजगार/2005–06 दिनांक 19 नवम्बर, 2005 के द्वारा राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नीति के अन्तर्गत प्रदेश में स्थापित हो रही औद्योगिक इकाईयों द्वारा राज्य के लोगों को न्यूनतम 70 प्रतिशत सेवायोजन अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान किया गया है। उक्त वर्णित शासनादेश की एक प्रति आपके सुलभ सन्दर्भ हेतु संलग्न कर प्रेषित भी की जा रही है।

संलग्न : उपरोक्तानुसार

(संजीव चोपड़ा)
सचिव

प्रतिलिपि : 1. श्री ओ0पी0तिवारी, उपसचिव, मुख्यमंत्री को माननीय मुख्यमंत्री के संज्ञानार्थ।
2. जिलाधिकारी, नैनीताल को इस आशय से कि अपने स्तर से भी अध्यक्ष, उत्तराखण्ड बेरोजगार संगठन, लालकुआं को अवगत कराने का कष्ट करें।

(संजीव चोपड़ा)
सचिव

कार्यालय जिलाधिकारी, नैनीताल,
सं0 614/XX-न्या0स0/2005, दिनांक: 5 दिसम्बर 2005
1. प्रतिलिपि तहसीलदार लालकुआं को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उनके द्वारा अध्यक्ष को अवगत कराना सुनिश्चित करें।
2. मूल प्रति गार्ड फाईल में
अपर जिलाधिकारी
कृते जिलाधिकारी
नैनीताल
5/12/05

WE WILL EITHER FIND A WAY OR MAKE ONE

Uttaranchal Secretariat: B Subhash Road, Dehadun INDIA
Ph:0091-135-2713554, Fax: 135-2713553, http://ua.nic.in
SIDCUL: Ph: :0091-135-2743837/8, 2713534, 2743292/97. 2743288Fax. www.sidcul.com

संख्या .../XX(3)-366/...विध/2005

जिलाधिकारी
नैनीताल.
13 DEC 2005

गृह अनुभाग-

देहरादून: दिनांक 30 नवम्बर, 2005

विषय— तहसील रानीखेत के पटवारी क्षेत्र नापण में स्वर्ग आश्रम बिनसर महादेव के प्रबन्धक श्री ललित मोहन दुर्गापाल के अपहरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या--889/एस0ए0/2005 दिनांक 16 नवम्बर, 2005 एवं अ0शा0पत्र संख्या--980/एस0ए0/05, दिनांक 18 नवम्बर, 2005 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त तहसील रानीखेत के पटवारी क्षेत्र नापण में स्वर्ग आश्रम बिनसर महादेव के प्रबन्धक श्री ललित मोहन दुर्गापाल के अपहरण में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी तथा अपहृत व्यक्ति के सम्बन्ध में लाभप्रद सूचना देने वाले व्यक्तियों को एक लाख रुपये की धनराशि का पुरुस्कार घोषित किये जाने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है। यह अनुमति दिनांक 17.11.2005 से जारी समझी जायेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु व्यापार प्रचार-प्रसार करते हुये कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मंजुल कुमार जोशी)
अपर सचिव।

संख्या एवं दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निदेशक, सूचना विभाग, उत्तरांचल, देहरादून।
2. समस्त जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरांचल। (जनपद अल्मोड़ा को छोड़कर)।
3. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तरांचल।
4. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
29/11/2005

(मंजुल कुमार जोशी)
अपर सचिव।

संख्या-2140, /XX-45/उ0/2005

प्रेषक

सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में

आयुक्त,
कुमायूँ मण्डल,
नैनीताल।

गृह अनुभाग-4 देहरादून: दिनांक 30 नवम्बर, 2005

विषय-- उत्तरांचल राज्य आन्दोलन के दौरान घायल/जेल गये आन्दोलनकारियों को सेवायोजन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-3224/बीस-24/2004-05, दिनांक 1-3-2005 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कार्मिक विभाग के शासनादेश संख्या-1269/तीस-2/2004, दिनांक 11-8-2004 में उल्लिखित सुविधा वर्ष 1994 के पूर्व वर्ष में हुये आन्दोलन के दौरान घायल तथा सात दिन या उससे अधिक अवधि के लिये जेल गये आन्दोलनकारियों के लिये अनुमन्य नहीं होंगी।

कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मंजुल कुमार जोशी)
अपर सचिव।

संख्या एवं दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. आयुक्त कुमायूँ मण्डल/गढ़वाल मण्डल।
2. समस्त जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरांचल । (जनपद अल्मोड़ा को छोड़कर)
3. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मंजुल कुमार जोशी)
अपर सचिव।

कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट, नैनीताल,
सं० 690/XX-न्या० स०/2005 दिनांक दिसम्बर 2005
प्रतिलिपि, निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल,
2- अपर जिला मजिस्ट्रेट, नैनीताल
3- वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, नैनीताल,
4- न्या० शाखा गार्ड फाईल,

प्रभारी अधिकारी
कृते जिला मजिस्ट्रेट, नैनीताल

[illegible] शासन,
[illegible] अनुभाग-2
संख्या [illegible] (2)-01/ रा०सु०अ०/2005
देहरादून दिनांक 09 दिसम्बर,2005.

वर्ष 2005-06
12/12/05

अधिसूचना

साधारण खण्ड अधिनियम,1897(अधिनियम संख्या-10 सन 1897) की धारा 21 के साथ पठित राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम ,1980 (अधिनियम संख्या -65 सन 1980) की धारा-9 उपधारा (1) के अधीन शक्ति का प्रयोग और सरकारी अधिसूचना संख्या-579,[illegible] 2-04/[illegible]/2003,दिनांक11 नवम्बर,2003 का अतिक्रमण करते हुये श्री राज्यपाल मुख्य न्यायाधीश,उच्च न्यायालय नैनीताल की संस्तुति पर, उक्त अधिनियम के प्रयोजनार्थ, परामर्शदात्री परिषद का गठन करते है, जिसके अध्यक्ष और सदस्य निम्नलिखित होंगे :--

1. मा०न्यायमूर्ति श्री इरशाद हुसैन, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, उत्तरांचल, नैनीताल। — अध्यक्ष

2. मा०न्यायमूर्ति श्री जे०सी०एस०रावत , न्यायाधीश, उच्च न्यायालय, उत्तरांचल, नैनीताल। — सदस्य

3. मा०न्यायमूर्ति(अवकाश प्राप्त)श्री वी०एन० मल्होत्रा, पूर्व न्यायाधीश,उच्च न्यायालय, इलाहाबाद। — सदस्य

एस०के० दास,
प्रमुख सचिव,।

NSAdoc. 189

संख्या 3267(1)/XX( ):04/रा०रा०क०/ दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. राजकीय मुद्रणालय, उत्तरांचल, रुड़की को उक्त अधिसूचना के अंग्रेजी अनुवाद सहित इस अनुरोध के साथ कि वे इसे सरकारी गजट के आगामी असाधारण अंक में प्रकाशित करके अधिसूचना की पचास प्रतियाँ शासन को उपलब्ध करायें।
2. समस्त मा० न्यायमूर्तिगण।
3. महानिबन्धक, मा० उच्च न्यायालय, नैनीताल।
4. समस्त जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरांचल।
5. समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक /पुलिस अधीक्षक, उत्तरांचल।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(ओ०पी०तिवारी)

उप सचिव।

संख्या-326 /XX(2)-100/सुरक्षा/2005

प्रेषक,

मंजुल कुमार जोशी,
अपर सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

समस्त जिला मजिस्ट्रेट,
समस्त वरिष्ठ/पुलिस अधीक्षक,
उत्तरांचल।

2005-06
विभाग XX ADM/06/7A
पत्रावली सं.
क्रम सं. 671
दिनांक 13/12/05

गृह अनुभाग-2 देहरादून: दिनांक: 09 दिसम्बर, 2005

विषय:- ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों को सुरक्षा प्रदान करने के संबन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री एस0सी0 त्रिपाठी, सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के स्वतः स्पष्ट अर्द्ध शासकीय पत्र संख्या P-21-25/57/2005-Dist दिनांक 28 नवम्बर 2005 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो दिनांक 19.11.2005 को लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश में श्री एस0 मंजुनाथ, सेल्स ऑफिसर, इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड की हत्या के संबन्ध में है।

उक्त के संबन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया ऑयल मार्केटिंग कम्पनियों के अधिकारियों/प्रतिनिधियों द्वारा प्रदेश में निरीक्षण के समय अगर पुलिस बल की मांग की जाती है तो उन्हें नियमानुसार पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराते हुए पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

भवदीय,
9/12/2005
(मंजुल कुमार जोशी)
अपर सचिव।

संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि श्री एस0सी0 त्रिपाठी, सचिव, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को उनके अर्द्ध शासकीय पत्र संख्या 21-25/57/2005-Dist दिनांक 28 नवम्बर 2005 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

आज्ञा से,

(मंजुल कुमार जोशी)
अपर सचिव।

उत्तरांचल शासन
पर्यटन विभाग
संख्या— /VI/2005—12(3) 2004
देहरादून दिनांक— 17 दिसम्बर, 2005

कार्यालय ज्ञाप

राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश (सेवा संघों की मान्यता) नियमावली ... उप नियम ... के प्राविधानों के अनुरूप एवं नियमावली में ... नियमों के अधीन अराजपत्रित पर्यटन कर्मचारी संघ उत्तरांचल को मान्यता ... स्वीकृति प्रदान करते हैं।

(आलोक कुमार
प्रमुख सचिव

पृष्ठांकित संख्या— /VI/—12(3) 200 /समदिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव श्री राज्यपाल महोदय, उत्तरांचल।
2. प्रमुख सचिव मा0मुख्यमंत्री जी उत्तरांचल।
3. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव उत्तरांचल शासन।
4. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन।
5. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तरांचल पर्यटन विकास परिषद देहरादून।
6. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तरांचल।
7. मण्डलायुक्त, गढ़वाल/कुमाऊं मण्डल।
8. समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
9. सचिवालय के समस्त अनुभाग।
10. अध्यक्ष, अराजपत्रित पर्यटन कर्मचारी संघ उत्तरांचल देहरादून।
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(आनन्द
अपर स

उत्तरांचल शासन,
गृह अनुभाग-4,
संख्या:2559/XX(4)-82/कारा0/2005
देहरादून: दिनांक 21 दिसम्बर, 2005

कार्यालय ज्ञाप

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय, जेल मैनुअल के अध्याय 25 के प्रस्तर-669 एवं प्रस्तर-671 में दी गयी व्यवस्था के अधीन उप कारागार, हल्द्वानी हेतु श्री मोहम्मद यार खाँ पुत्र श्री अली यार खाँ, निवासी ग्राम अलीनगर (ग्राम पंचायत फिरोजपुर) पो0 शहदौरा, तहसील किच्छा, जनपद उधमसिंहनगर को जेल विजिटर के रूप में दो वर्ष के लिये नामित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. उपरोक्त नामांकन पूर्णतया अस्थाई है तथा इसे कभी भी बिना कोई कारण बताये निरस्त किया जा सकता है। नामांकन अवैतनिक होगा तथा इसके लिये सम्बन्धित जेल विजिटर को किसी प्रकार का कोई पारिश्रमिक/मानदेय देय नहीं होगा।

एस0के0दास
प्रमुख सचिव।

संख्या 2559/1/XX(4)-82/कारा0/2005 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महानिरीक्षक कारागार, उत्तरांचल, देहरादून।
2. जिला मजिस्ट्रेट, नैनीताल।
3. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल।
4. अधीक्षक, उप कारागार, हल्द्वानी।
5. श्री मोहम्मद यार खाँ पुत्र श्री अली यार खाँ, निवासी ग्राम अलीनगर (ग्राम पंचायत फिरोजपुर) पो0 शहदौरा, तहसील किच्छा, जनपद उधमसिंहनगर।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(आर0के0तोमर)
अनुसचिव।

-223-

संख्या 764/ 05—06 अभि0/2005

प्रेषक,

एस0एस0 टोलिया,
सचिव,
उत्तरांचल शासन ।

सेवा में,

निदेशक अभियोजन,
उत्तरांचल,देहरादून ।

गृह अनुभाग-

देहरादून:दिनांक 22 दिसम्बर, 2005

विषय.- अभियोजन विभाग के विभागीय ढॉचे को कार्मिक प्रबन्धन नियमों के अनुरूप संशोधन किया जाना ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-अभि.नि./154/2003,दिनांक 05 सितम्बर,2005 के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अधिसूचना संख्या-841/गृह-3-246/अभि0/2002,दिनांक 27 सितम्बर,2003 द्वारा स्वीकृत अभियोजन विभाग के विभागीय ढॉचे को कार्मिक प्रबन्धन नियमों के अन्तर्गत पिरामिड के रूप में परिवर्तित करते हुए श्री राज्यपाल महोदय अभियोजन निदेशालय मुख्यालय हेतु संयुक्त निदेशक वेतनमान रू0—12000—16500 में स्वीकृत दो पदों में से 1 पद को कम करते हुए उक्त पद के स्थान पर मुख्य अभियोजन अधिकारी का 1 पद वेतनमान रू0 10000—15200 में तथा मा0 उच्च न्यायालय हेतु स्वीकृत ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी वेतनमान रू0—8000—13500 के 1 पद को समाप्त करते हुए उसके स्थान पर मुख्य अभियोजन अधिकारी का 1 पद वेतनमान रू0—10000—15200 में सृजित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है ।

2— इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2005—2006 के आय—व्ययक की अनुदान संख्या- 10 के लेखाशीर्षक 2055—पुलिस- 00—अन्य व्यय 03 अभियोजन अधिष्ठान की सुसंगत इकाइयों के नामे डाला जायेगा ।

3— यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या- 1148/XXVII/(5)1/ 2005 दिनांक 19 दिसम्बर,2005 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है ।

भवदीय,

(एस0एस0टोलिया)
अनुसचिव ।

फैक्स

संख्या /XX(...)05-06 अभि0/03तदिनांक

प्रति‍लिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं ... कार्यवाही ...

1 ... लाकार,उत्तरांचल,ओबेराय मोटर्स ...,गाजरा,देहरादून ।

2 ... सचिव,कार्मिक विभाग,उत्तरांचल शासन ।

3 ... र जनरल,मा0 उच्च न्यायालय ... ।

4 ... कारी,देहरादून/नैनीताल ।

5 ... कोषाधिकारी,देहरादून/नैनीताल ।

6 ... अनुभाग-1

7 गार्ड फाईल ।

आज्ञा से,

(एस0एस0तोलिया)
अनुसचिव

-225-

वर्ष 2005-06
विभाग A.D.M./96
पत्रावली सं० ....
भाग सं०
रजिस्टर सं० 1007
दिनांक 17/1/96

संख्या--17/VI-I/2005
A.D.M./96/701

प्रेषक,
... ओमारे...
अपर सचिव
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,
युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल,
उत्तरांचल, ...

...
...
13 ...

...ण अनुभाग

देहरादून दिनांक 13 दिसम्बर ...

विषय:- उत्तरांचल प्रान्तीय रक्षक दल कल्याण कोष हेतु वित्तीय वर्ष 2005-06 में प्राविधानित धनराशि की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त ... आपके ... संख्या--1014/दो--1084/05-06 दिनांक--13 दिसम्बर, ... एवं अधिसूचना संख्या 172/VI-I/200...-31(युवा)/2003 दिनांक-- 8, दिसम्बर 2005 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग उत्तरांचल को वित्तीय वर्ष 2005-.. में उत्तरांचल प्रान्तीय रक्षक दल कल्याण कोष हेतु प्राविधानित धनराशि रूपये 50.00 लाख (रूपये पचास लाख मात्र) निदेशक, युवा कल्याण के निवर्तन पर रखे जाने एवं व्यय करने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. उक्त स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उत्तरांचल प्रान्तीय रक्षक दल कल्याण कोष नियमावली सं०-172/VI-I/2003--3 (युवा)/2003 दिनांक--8 दिसम्बर 2005 में दी गयी प्रक्रिया के अनुसार ही किया जायेगा एवं उन्ही उद्देश्यों एवं कार्यो में किया जायेगा जो कि उक्त नियमावली में व्यवस्था है।

3. उक्त स्वीकृत धनराशि इस प्रतिबंध के साथ स्वीकृत की जाती है कि मितव्ययी मदों में आवंटित सीमा तक ही व्यय सीमित रखा जाय। यहां यह भी स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का आवंटन किसी ऐसे व्यय को करने का अधिकार नहीं देता है, जिसे व्यय करने के लिए बजट मैनुअल या वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों या अन्य आदेशों के अधीन व्यय करने के पूर्व सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक है। ऐसा व्यय सम्बन्धित की स्वीकृति प्राप्त कर ही किया जाना चाहिये।

4. धनराशि उसी मद में व्यय की जाय जिसके लिए स्वीकृत की जा रही है। व्यय में मितव्ययता के सम्बंध में समय-समय पर जारी किये गये शासनादेशों में निहित निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाय। स्वीकृत धनराशि के व्यय के विवरण शासन तथा महालेखाकार को नियमित रूप से भेजे।

5. स्वीकृत की जा रही धनराशि के व्यय के उपरान्त इसका उपयोगिता प्रमाण--पत्र शासन को प्रस्तुत कर दिया जायेगा।

होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 06 के अनुदान

द तथा युवा सेवायें 00–आयोजनेत तथा प्रशा

ापना 00–20–सहायक अनुदान/ यता के

वित्त विभाग के अ0 शा0 संख्या–450) /200

सहमति से जारी किए जा रहे हैं।

/VI-I/2005, तद्दिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, उत्तरांचल, देहरादून।
2. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तरांचल शासन।
3. अपर सचिव, वित्त, उत्तरांचल शासन।
4. वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
5. वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–3, उत्तरांचल, देहरादून।
6. एन0 आई0सी0, देहरादून।
7. बजट राजकोषीय नियोजन व संसाधन निदेशालय, सचिवालय देहरादून
8. समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
9. आयुक्त, कुमाऊं/गढ़वाल मण्डल उत्तरांचल।
10. गार्ड फाइल।

प्रेषक,

राधा रतूड़ी
सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण, उत्तरांचल,
हल्द्वानी (नैनीताल)।

समाज कल्याण अनुभाग–2 देहरादून : दिनांक : ~~दिसम्बर~~, 2005

विषय. किशोर न्याय अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत जनपदों में गठित किशोर न्याय बोर्डों में नामित गैर सरकारी सदस्यों/सामाजिक कार्यकर्ताओं को मानदेय भुगतान के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल, किशोर न्याय अधिनियम, 2000 के अन्तर्गत, अधिसूचना संख्या 171/म.क. /2002- 104(महिला कल्याण)/2002 दिनांक 8.11.2002 के द्वारा जनपदों में गठित किशोर न्याय बोर्डों में नामित गैर सरकारी सदस्यों/सामाजिक कार्यकर्ताओं को बोर्ड की प्रति बैठक रू. 50/-- अथवा रू. 300/-- प्रतिमाह, जो भी कम हो, की दर से मानदेय का भुगतान किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. उपरोक्त व्यवस्था भविष्य में उक्त अधिनियम के अन्तर्गत किशोर न्याय बोर्डों के पुनर्गठन के उपरान्त नामित सदस्यों के संबंध में भी लागू रहेगी।

3. ये आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या : 465/XXVII(3)/2005 दिनांक 26दिसम्बर, 2005 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किए जा रहे हैं।

भवदीय,

(राधा रतूड़ी)
सचिव।

संख्या : 666(1)/XVII(1)-2/2005 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार, उत्तरांचल, देहरादून।
2. निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री, उत्तरांचल।
3. आयुक्त, गढ़वाल/कुमाऊँ, उत्तरांचल।
4. समस्त जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, किशोर न्याय बोर्ड, उत्तरांचल।
5. समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
6. निदेशक, कोषागार, उत्तरांचल, देहरादून।
7. समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, उत्तरांचल।
8. कोषाधिकारी, हल्द्वानी (नैनीताल)।
9. वित्त अनुभाग-3, उत्तरांचल शासन।
10. गार्ड फाइल।

[illegible]रांचल सरकार – 226 –

गृह अनुभाग–2

[illegible] /XX(2)/रासुका–04/2001

दिनांक: 04 जनवरी, 2006

अधिसूचना

चूंकि [illegible] रांचल के कतिपय जिलों में हिंसा की घटनायें [illegible] हुई हैं और [illegible] लेकिन [illegible] राज्य के अन्य भागों में भी [illegible] हुई हैं और [illegible] अन्य [illegible] भी ऐसी घटनायें होने की सम्भावना है;

और [illegible] राज्य की सुरक्षा, लोक व्यवस्था और समुदाय के [illegible] सेवाओं को बनाये रखने के प्रतिकूल क्रियाकलापों [illegible]

[illegible] में विद्यमान और सम्भावित परिस्थितियों [illegible] । राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि [illegible] आवश्यक है।

[illegible] साधारण [illegible] अधिनियम, 1897 (अधिनियम संख्या 10 सन् [illegible]) की धारा 21 [illegible] पठित राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 (अधिनियम संख्या 65 सन् 1980) की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए [illegible] उत्तरांचल सरकार की अधिसूचना सं0 [illegible]/XX(2)/रासुका [illegible] 003, दिनांक 13 अक्टूबर, 2005 को आंशिक उपान्तरण करते हुए राज्यपाल महोदय, उत्तरांचल राज्य के समस्त जिला मजिस्ट्रेटों को दिनांक [illegible] जनवरी, 2006 से तीन मास की अवधि के लिये उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करने के लिये सशक्त करते हैं।

एस0के0 दास

प्रमुख सचिव, गृह।

पृष्ठांकन संख्या— (1)/XX(2)/रासुका—04/2002, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:—

1— राजकीय मुद्रणालय, उत्तरांचल, रुड़की को उक्त अधिसूचना के अंग्रेजी अनुवाद सहित इस अनुरोध के साथ कि वे इसे सरकारी गजट के आगामी असाधारण अंक में प्रकाशित कराकर अधिसूचना की पच्चास प्रतियां शासन को उपलब्ध कराएं।

2— समस्त जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरांचल।

3— समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उत्तरांचल

4— गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(ओ0पी0 तिवारी)

अनुसचिव, गृह।

DM/05 [illegible]

जिलाधिकारी नैनीताल

[illegible] 20.5.06 [illegible]/06 ... 26/1/06

suance of ... 348 of the Constitution of the Gov... order the publication of the ...ing English ...ation of ...otification No.10 /XX(2)/ NSA-03, dated ... general information.

Government of Uttaranchal

Home Department

...o. 10 /... NSA -04/2003

D...adun: Dated 04 January, 2006

WHE... in the ... there have been incidents of ...ce in cer... Distri... of Uttaranchal and as a reaction ...o, similar incidents have occurred in othe parts of the State ...re likely to ...cur in other parts of the State also;

AND, WHEREAS anti social elements are indulging in ...ies prejudi...d to the security of the State, maintenance of ...ic order and maintenance of supplies and services essential to ...community :

AND WHEREAS in view of the aforesaid circumstances ...ailing and likely to prevail in Uttaranchal, the State ...ment is satisfied that it is necessary to do so.

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers ...erred by sub- section (3) of section 3 of the National Security ...1980(Act No 65 of 1980) read with section 21 of the General ...ses Act, 1897(Act No. 10 of 1897) and in partial modification ...the Government of Uttaranchal Notification No. .../XX(2)/NSA-4/2003 dated 13th October, 2005 the Governor is ...sed to empower all the District Magistrates in the State to ...cise the power, conferred by sub section (2) of section 3 of the ...Act for further period of three months, with effect from 19th ...ary, 2006.

S.K. DAS
Principal Secretary, Home.

-230-

उत्तरांचल शासन,
गृह अनुभाग--4,
संख्या: 57 / XX(4)--82 / कारा0 / 2005
देहरादून: दिनांक: 10 जनवरी, 2006

31 JAN 2006

जिलाधिकारी
नैनीताल

कार्यालय ज्ञाप

31 JAN 2006

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय, जेल मैनुअल के अध्याय 25 के प्रस्तर-669 एवं प्रस्तर-671 में दी गयी व्यवस्था के अधीन उप कारागार, हल्द्वानी हेतु श्री चन्दन हरबोला निवासी दो नहरिया, त्रिलोक नगर, हल्द्वानी, जिला नैनीताल को जेल विजिटर के रूप में, दो वर्ष के लिये नामित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. उपरोक्त नामांकन पूर्णतया अस्थाई है तथा इसे कभी भी बिना सूचना या कारण बताये निरस्त किया जा सकता है। नामांकन अवैतनिक होगा तथा इसके लिये सम्बन्धित जेल विजिटर को किसी प्रकार का कोई पारिश्रमिक/मानदेय देय नहीं होगा।

एस0के0दास
प्रमुख सचिव।

संख्या- 57 / 1 / XX(4)--82 / कारा0 / 2005 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महानिरीक्षक कारागार, उत्तरांचल, देहरादून।
2. जिला मजिस्ट्रेट, नैनीताल।
3. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल।
4. अधीक्षक, उप कारागार, हल्द्वानी।
5. श्री चन्दन हरबोला निवासी दो नहरिया, त्रिलोक नगर, हल्द्वानी, जिला नैनीताल
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0के0तोमर)
अनुसचिव।

संख्या : 665 / XVII(1)-2 / 2005-06(39) / [illegible]05

प्रेषक,

[illegible] शासन।

सेवा में,

[illegible] प्रमुख सचिव / सचिव,
[illegible] शासन।
[illegible] विभागाध्यक्ष / प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
[illegible]

[illegible] अनुभाग-2 [illegible] 16 जनवरी, [illegible]

विषय : [illegible] कार्मिकों को अनुमन्य वाहन व्यय प्रतिपूर्ति भत्ते [illegible] पुनरीक्षण के [illegible]

[illegible]

[illegible] समक्ष पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश [illegible] शासनादेश संख्या 916/65 [illegible] [illegible] का संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा [illegible] समिति (1997–98) की संस्तुति [illegible] निर्णयानुसार विभिन्न विभागों में नियुक्त विकलांग [illegible] को अनुमन्य वाहन भत्ते [illegible] व्यय प्रतिपूर्ति भत्ते) की दरों का पुनरीक्षण किया गया था। उक्त अवधि में उत्तरांचल भी [illegible] प्रदेश का भाग होने के कारण उपरोक्त संदर्भित शासनादेश उत्तरांचल में नियुक्त कार्मिकों पर [illegible] समान रूप से लागू है। शासन के संज्ञान में आया है कि कतिपय विभागों में उक्त शासनादेश [illegible] अनुसार विकलांग कार्मिकों को वाहन व्यय प्रतिपूर्ति भत्ते के भुगतान में कठिनाई हो रही है।

2. [illegible] उक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 19 [illegible] की छायाप्रति सुलभ [illegible] संलग्न [illegible] करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्तानुसार वाहन व्यय प्रतिपूर्ति भत्ते का उत्तरांचल के विभिन्न विभागों में नियुक्त विकलांग कार्मिकों को भी नियमानुसार भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें तथा तद्नुसार अपने नियंत्रणाधीन / अधीनस्थ विभागों / अधिकारियों को भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्न : यथोपरि।

भवदीय,

(राधा रतूड़ी)
सचिव।

संख्या : 665 (1) / XVII(1)-2 / 2005 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार, उत्तरांचल, देहरादून।
2. आयुक्त, गढ़वाल / कुमाऊँ, उत्तरांचल।
3. समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
4. सचिव, विधानसभा, उत्तरांचल।
5. निबंधक, उच्च न्यायालय, उत्तरांचल, नैनीताल।
6. निदेशक, [illegible] आयुक्त, उत्तरांचल, देहरादून।
7. समस्त वरिष्ठ कोषाधिकारी / कोषाधिकारी, उत्तरांचल।
8. निदेशक, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र, सचिवालय परिसर, देहरादून।
9. निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तरांचल, रुड़की (हरिद्वार) को संलग्नक की प्रति सहित इस आशय से कि इस शासनादेश की 200प्रतियां मुद्रित कर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
10. निजी सचिव, राज्यपाल, उत्तरांचल।
11. निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री, उत्तरांचल।
12. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन।
13. गार्ड फाइल।

(वि... ... ...रियों के वाहन भत्तों का पु...)

संख्या–916 / 65–1–2000

प्रेषक,
श्री नेता ...
सचिव, उ... ...
विकलांग क... ...

सेवा में,
समस्त विभागाध्यक्ष / प्रमुख ...
उत्तर प्रदेश

लखनऊ : दिनांक 19 ... 2000

विषय :– वेतन ... (... –00) की संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयानुसार उ0 प्र0 सरकार के अधीन ... विभिन्न विभागों में नियुक्त विकलांग कर्मचारियों को अनुमन्य वाहन भत्ते ... दरों का पुनरीक्षण।

महोदय,

उपर्युक्त ... शासनादेश संख्या–1315 / 26–2–89 / 609 / 78, दिनांक 31 मार्च, 1990 ... शारीरिक रूप से अक्षम (विकलांग) कर्मचारियों को अपने कार्य–स्थल (कार्यालय) आने तथा वापस ... में होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए उक्त कर्मचारियों को अनुमन्य वाहन भत्तों की ... का पुनरीक्षण ... तथा इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि वेतनसमिति (... –90) के ... प्रतिवेदन द्वारा इस सम्बन्ध में की गयी संस्तुति पर लिये गये निर्णयानुसार ... राज्यपाल महोदय उक्त कर्मचारियों को पुनरीक्षित वेतनमानों में पूर्व निर्धारित शर्तों एवं ... के अधीन ... स्तम्भ–3 में ... दर से वाहन भत्ता पुनरीक्षित किये जाने की सहर्ष ... प्रदान करते ... :–

क्र0 सं0	पुनरीक्षित वेतनमानों में वेतन स्तर (मूल वेतन)	वाहन भत्तों की पुनरीक्षित दर (रु0 प्रतिमाह)
	2	3
	रु0 3049 ...	150
	रु0 3050 से 5999 तक	200
	रु0 6000 एवं अधिक	250

[illegible] ...विद्यालयों / मूक तथा बधिर विद्यालयों ... शारीरिक रूप से अक्षम कोटि के ऐसे प्रधानाध्यापकों / प्रधानाध्यापिकाओं तथा ...पकों / अध्यापिकाओं, जिन्हें शासनादेश संख्या–1316 / 25–2–89–609 / 78, दिनांक 31–3–1990 ... अधीन वाहन भत्ता अनुमन्य है मामले में नियमानुसार वाहन भत्ता निम्नवत् पुनरीक्षित किये जाने ... श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं :–

क्र0 सं0	पदनाम	वाहन भत्ता की पुनरीक्षित दर (रु0 प्रतिमाह)
	प्रधानाध्यापक / प्रधानाध्यापिका	250
	अध्यापक / अध्यापिका	300

3– उपर्युक्तानुसार वाहन भत्ते की दरों में पुनरीक्षण के फलस्वरूप जो अतिरिक्त व्ययभार ... सम्बन्धित विभाग अपने–अपने आय व्ययक से सम्बन्धित लेखाशीर्षक / प्राथमिक इकाई में ... व्यवस्था कराकर करेंगे।

4– उक्त वाहन भत्ते को अब से वाहन व्यय प्रतिपूर्ति भत्ता नाम से जाना जायेगा।

5– उक्तानुसार वाहन भत्तों की पुनरीक्षित दर इस शासनादेश के निर्गत होने की तिथि से प्रभावी ...

6– यह आदेश वित्त विभाग के अशा0 संख्या–सा–4–370 / दस–2000, दिनांक 9–6–2000 ... की सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय
ह0 / –(नितराम)
सचिव।

गोपनीय/शीर्ष प्राथमिकता

24-JAN 2006

[illegible] कारागार,

सेवा में

अधीक्षक, सम्पूर्णानन्द शिविर, सितारगंज, ऊधमसिंह नगर।
[illegible], जिला कारागार,
[illegible] अल्मोड़ा/टिहरी/पौड़ी/हरिद्वार/देहरादून।
3 [illegible], उप कारागार, हल्द्वानी/रुड़की।

पत्रांक [illegible] जेल सुरक्षा–पीएस/05 दिनांक जनवरी [illegible],2006

विषय— जेल में आपत्तिजनक सामग्री पर [illegible] से प्रतिबन्ध लगाने विषयक।

महोदय,

मेरे द्वारा पूर्व में निर्देश दिये गये थे कि राज्याधीन जेलों में जेल स्टाफ अथवा मुलाकातियों की जेल में प्रवेश करते समय नियमित तलाशी होनी चाहिए [illegible] यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी बंदी अथवा जेल स्टाफ जेल के अन्दर कोई भी आपत्तिजनक वस्तु न ले जाने पाये। इसमें मोबाइल फोन भी शामिल था। किन्तु ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इन आदेशों का पालन कड़ाई से नहीं किया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर दैनिक जागरण (गढ़वाल संस्करण) के दिनांक 8 जनवरी, 2006 के अंक में छपे समाचार "जेल में मोबाइल:लापरवाही की [illegible]" (कटिंग की छाया प्रति संलग्न) अवलोकन से ऐसा प्रतीत होता है कि जेलों में प्रवेश के समय बंदियों, मुलाकातियों [illegible] जेल स्टाफ की समुचित तलाशी नहीं ली जा रही है एवं इस सम्बन्ध में [illegible] नियमों/निर्देशों/आदेशों का पालन करने में ढिलाई बरती जा रही है, जैसा कि संलग्न कटिंग में उल्लेख किया गया है कि दिनांक 8.1.2006 को अधिकारियों के समक्ष [illegible] से तलाशी करते समय कथित कुख्यात चीनू पंडित से मोबाइल फोन बरामद किया गया। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि इसी प्रकार अन्य लोगों द्वारा भी जेल में ऐसी वस्तुओं का प्रयोग किया जा रहा होगा। यदि वास्तव में जेल में प्रवेश के समय सदैव सख्ती से जाँच/तलाशी की जाती तो सामान्यतया ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती एवं विभाग की छवि भी धूमिल न होती।

अतः एतद् द्वारा पुनः निर्देश दिये जाते हैं कि जेल में प्रवेश करते समय समस्त बंदियों, मुलाकातियों, जेल स्टाफ अन्य सभी लोगों की समुचित तलाशी अवश्य ली जाय एवं यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी व्यक्ति जेल के अन्दर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु, मोबाइल फोन आदि न ले जाने पाये।

भवदीय,

(एस० राजू)
महानिरीक्षक

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :—
1— समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
2— अपर महानिरीक्षक, कारागार।

(एस० राजू)
महानिरीक्षक

48

कार्यालय, अभियोजन निदेशालय,
पुलिस मुख्यालय, उत्तरांचल देहरादून।

पत्रांक, वित्त नियंत्रक/बजट 2005-06)/05/50 दिनॉक 27

सेवा में,

विषयः— बजट आवंटन ।

वित्तीय वर्ष 2005-06 अनुदान–10 लेखाशीर्षक 2055 पुलिस प्रशासन, अन्य व्यय,03 अभियोजन अभियोजन–आयोजनेत्तर,के अन्तर्गत शासन के आदेश सं0104/... अभि0/बजट/05 दिनांक 19 1 2006 जिसके द्वारा पुनर्विनियोग के माध्यम ... में धनराशि प्राप्त हुई है तथा उत्तरांचल शासन के पत्र ... अभि0/04गृह अनुभाग–5 दिनांक 31 3 2005 के द्वारा मुख्य अभियोजन अधिकारी, माननीय उच्च न्यायालय हेतु 1 एस0टी0डी0 सहित नये टेलीफोन कनेक्शन की स्वीकृति प्रदान की गयी है। नये दूरभाष ... हेतु निम्नानुसार बजट आवंटित किया जा रहा है।

क्र0 सं0	मद का नाम	पूर्व आवंटित धनराशि	वर्तमान आवंटित धनराशि	योग	बजट ... में प्राविष्ट का कमांक
1–	13 टेलीफोन	00	4000	4000	11

(रू0 चार हजार मात्र)

27/1/06

(रमेश चन्द्र अग्रवाल)
वित्त नियंत्रक, अभियोजन,
अभियोजन निदेशालय,देहरादून।

प्रतिलिपि – वरिष्ठ कोषाधिकारी,नैनीताल को उपर्युक्त उल्लिखित पुर्नविनियोग के शासनादेश की प्रतिलिपि आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

2– मुख्य अभियोजन अधिकारी, माननीय उच्च न्यायालय, नैनीताल ।

3– ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, नैनीताल ।

4– कार्यालय प्रति।

(रमेश चन्द्र अग्रवाल)
वित्त नियंत्रक, अभियोजन,
अभियोजन निदेशालय,देहरादून।

अभियोजन निदेशालय,
पुलिस मुख्यालय,उत्तरांचल,देहरादून।

पत्र सं0: [illegible] 05--06)/05/57। दिनांक [illegible] जनवरी,06

सेवामें,

[illegible]

विषय:-- [illegible]

[illegible] 06 अनुदान--10 लेखाशीर्षक 2055 पुलिस प्रशासन,800अन्य व्यय ,03 अभियोजन [illegible] के अन्तर्गत शासन के आदेश सं0 104/XX(05)05--02 अभि0/बजट [illegible] -2006 जिसके द्वारा पुनर्विनियोग के माध्यम से विभिन्न मदों में धनराशि प्राप्त हुई है। निम्नानुसार विभिन्न मानक मदों में धनराशि आवंटित की जा रही है। इसके अतिरिक्त [illegible] के आधार पर जो बचतें दिखाई गयी हैं उन्हें पुनर्ग्रहीत भी किया जा रहा है। कृपया तदनुसार अपने आंकड़ों में इन्द्राज करने का कष्ट करें।

क्र0सं0	मद का नाम	पूर्व में आवंटित धनराशि	पुनर्ग्रहीत धनराशि	वर्तमान आवंटित धनराशि	कुल आवंटित धनराशि
1--	01 वेतन	861500	00	107200	968700
2--	03 महंगाई भत्ता	258450	00	21000	279450
3--	04 यात्रा भत्ता	6000	00	00	6000
4--	05 स्थाना0 या0 भत्ता	6000	6000	00	00
5--	06 अन्य भत्ता	90000	00	19500	109500
6--	08 कार्यालय व्यय	7500	00	00	7500
7--	09 विद्युत व्यय	00	00	00	00
8--	10 जलकर	00	00	00	00
9--	11 लेखन सामग्री	4500	00	00	4500
10--	12 कार्या0 फर्नी0	1000	00	00	1000
11--	13 टेलीफोन व्यय	3000	00	4500	7500
12--	15 पैट्रोल आदि	00	00	00	00
13--	[illegible]	00	[illegible]	00	00
14--	27 चिकित्सा व्यय	5000	00	00	5000
15--	29 अनुरक्षण	00	00	00	00
16--	42 अन्य व्यय	1000	00	00	1000
17--	45 अवकाश यात्रा व्यय	00	00	00	00
18--	46 कम्प्यूटर क्रय	00	00	00	00
19--	47 कम्प्यूटर अनुरक्षण	1000	00	00	1000
20--	48 महंगाई वेतन	430750	00	43000	473750
	कुल योग	1675700	6000	195200	1864900

पुनर्ग्रहीत की गयी धनराशि रू0 छः हजार मात्र
वर्तमान आवंटन रु0 एक लाख पचानब्बे हजार दो सौ मात्र

27/1/06
(रमेश चन्द्र अग्रवाल)
वित्त नियंत्रक, अभियोजन,
अभियोजन निदेशालय,देहरादून।

कृ0प0उ0

... [illegible] ...ारी, नैनीताल को उपर्युक्त उल्लि[illegible] पुनर्विनियोग के [illegible]

प्रति[illegible] ... हेतु प्रेषित ।

प्रति[illegible] ...

... [illegible] ...धिकारी, नैनीताल ।

2 ... [illegible]

3

(रमेश चन्द्र अग्रवाल)

वित्त नियन्त्रक अभियोजन,

अभियोजन निदेशालय, देहरादून,

(उत्तरांचल)

प्रेषक,

ओ०पी० तिवारी,
उप सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

पुलिस उप महानिरीक्षक (मुख्यालय)
उत्तरांचल, देहरादून।

[illegible] देहरादून दिनांक फरवरी 2006

विषय:- नवसृजित थाना चोरगलियां में 0.40 है० वन भूमि का पुलिस विभाग को हस्तान्तरण विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्रांक सं०-[illegible]-95/2005, दिनांक 30 [illegible] 2005 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय जनपद नैनीताल में नवसृजित थाना चोरगलियां के निर्माण हेतु 0.40 हेक्टेयर वन भूमि के हस्तान्तरण एन०पी०वी० हेतु रू० 3.68 लाख (रुपया तीन लाख अड़सठ हजार मात्र) की धनराशि व्यय किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- एन०पी०वी० का भुगतान वन विभाग को किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

3- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2005-06 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-10 के अन्तर्गत लेखाशीर्ष-"4055-पुलिस पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनेत्तर-211-पुलिस आवास-00-04-पुलिस विभाग के आवासीय/अनावासीय भवनों का निर्माण-00-00-24 वृहत निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या:-116/XXVII/5(1)/2005 दिनांक 27 जनवरी 2006 से प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(ओ०पी० तिवारी)
उप सचिव।

संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उत्तरांचल, ओबराय मोटर्स बिल्डिंग, माजरा, देहरादून।
2. पुलिस महानिदेशक, उत्तरांचल, देहरादून।
3. वरिष्ठ कोषाधिकारी देहरादून/नैनीताल।
4. नोडल अधिकारी एवं वन संरक्षक, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, वन विभाग, उत्तरांचल, इन्दिरा नगर फारेस्ट कालोनी देहरादून।
5. प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी, जनपद नैनीताल।
6. जिलाधिकारी /वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल।
7. वित्त अनुभाग-1
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(ओ०पी० तिवारी)
उप सचिव

उत्तरांचल शासन
माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-5
संख्या 113/XXIV-2/2006
देहरादून दिनांक 31 जनवरी, 2006

अधिसूचना

चूँकि राज्य सरकार का यह समाधान हो गया है कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक और समीचीन है,

